दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 173

ग्वालियर, शनिवार, 12 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

किसानों की नाराजगी को ठीक से भुना नहीं पाई सपा, कांग्रेस के काम नहीं आई प्रियंका की घोषणाएं

नई दिल्ली। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे दर्शाते हैं कि दिल्ली की सीमा पर सालभर से ज्यादा वक्त तक चले किसान आंदोलन का चुनाव में कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में जहां सत्तारूढ़ भाजपा सत्ता बरकरार रखने में सफल रही तो वहीं दूसरी ओर बदलाव की आंधी में पंजाब में आम आदमी पार्टी ने जबर्दस्त जीत हासिल की। माना जा रहा था कि वापस लिए गए कृषि कानूनों के मुद्दे पर चले किसान आंदोलन का उत्तर प्रदेश पश्चिमी एवं किसानों के प्रभाव वाले इलाकों पर असर पड़ेगा। इसे ध्यान में रखते हुए ही समाजवादी पार्टी ने इस बार राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) से गठबंधन किया था, ताकि जयंत चौधरी के साथ आने के बाद समाजवादी पार्टी को जाट मतदाताओं का साथ मिलेगा। इसके साथ ही सपा ने इस बार एक नया नैरेटिव देने का प्रयास किया। सपा ने इस बार यादव प्लस मुस्लिम समीकरण से आगे बढ़ाते हुए पूरे पिछड़े वर्ग को अपने साथ लाने का प्रयास किया और वह इसमें काफी हद तक सफल भी हुए। इसके साथ मुस्लिमों का ध्रुवीकरण भी उनकी रणनीति का प्रमुख हिस्सा रहा और इसमें भी वह पूरी तरह सफल रहे।

मुस्लिम समाज ने भाजपा को हराने के लिए अखिलेश पर ज्यादा विश्वास किया। यही वजह रही कि एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को मुस्लिम समाज में पूरी तरह सेखारिज कर दिया। सपा के इस रणनीतिक बदलाव की वजह से ही उसे 2017 में हुए चुनाव की तुलना में इस बार लगभग तीन गुना ज्यादा सीटें मिलीं हैं।

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान लखीमपुर खीरी में किसानों को गाड़ी से कुचले जाने और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के पुत्र के इसमें शामिल होने से जुड़े आरोपों का विषय भी उठाया था, लेकिन इस जिले की सीटों पर भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन 2017 की तरह तो नहीं रहा, लेकिन राज्य में भाजपा की निर्णायक जीत से, साढ़े तीन दशक से ज्यादा वक्त बाद कोई मुख्यमंत्री कार्यकाल पूरा करने के बाद दोबारा सत्ता में आ रहा है। भाजपा उत्तर प्रदेश के साथ ही उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भी सत्ता में वापसी की है। उत्तराखंड में पहली बार ऐसा हुआ है कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने फिर से सत्ता में वापसी की है। उत्तराखंड में किसानों के प्रभाव वाली कई सीटों पर भाजपा ने निर्णायक बढ़त बनाई या जीत दर्ज की। इनमें हरिद्वार, कोटद्वार, काशीपुर, रूड़की आदि सीटें शामिल हैं। किसान आंदोलन का प्रभाव पंजाब में दिखा, लेकिन इसका पूरा फायदा आम आदमी पार्टी को हुआ।

सपा ने दिखा दिया घटाई जा सकती हैं भाजपा की सीटें : अखिलेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में हार के बावजूद समाजवादी पार्टी (सपा) की सीटें बढ़ने और मत प्रतिशत में इजाफा होने पर पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने राज्य की जनता का धन्यवाद किया और कहा कि हमने दिखा दिया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सीटों को घटाया जा सकता है। अकिलेश यादव ने शुक्रवार सुबह ट्वीट किया उत्तर प्रदेश की जनता को हमारी सीटें ढाई गुनी करने और मत प्रतिशत डेढ़ गुना बढ़ाने के लिए धन्यवाद। उन्होंने दावा किया कि हमने दिखा दिया भाजपा की सीटों को घटाया जा सकता है। उन्होंने दावा किया भाजपा की सीटों में यह कमी निरंतर जारी रहेगी। आधा से अधिक भ्रम और छलावा दूर हो गया है, बाकी कुछ दिनों में दूर हो जाएगा। जनहित का संघर्ष जीतेगा। यादव ने एक और ट्वीट में सपा गठबंधन के जीते हुए विधायको को बधाई देते हुए कहा सपा-गठबंधन के जीते हुए सभी विधायकों को हार्दिक बधाई।

प्रभावी पुलिसिंग के लिए केंद्रीय एजेंसियों को करना चाहिए यह काम: अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो एनसीआरबी के 37वें स्थापना दिवस पर कहा कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भी क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम सीसीटीएनएस से जुड़ना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि सीबीआई, एनआईए और एनसीबी को भी अपनी एफआईआर को डिटेल सीसीटीएनएस पोर्टल पर लिंक करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद गृह सचिव अजय कुमार भल्ला से सभी केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुख के साथ इस बारे में मीटिंग करने को कहा। एनसीआरबी डेटा को दिमाग और राज्य पुलिस संगठन को हाथ और पैर बताते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने एनसीआरबी प्रमुख विवेक गोगिया को एनसीआरबी डेटा के उपयोग और बेहतर तरीके से इसके उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। शाह ने कहा, ÷एनसीआरबी डेटा संग्रह में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अब समय अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपने डेटा का उपयोग करने का है। एनसीआरबी डेटा तब उपयोगी होगा जब राज्य इसका उचित तरीके से उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा, ÷सभी राज्यों द्वारा अपने पुलिस बल के लिए वार्षिक रणनीति बनाने के लिए डेटा का उपयोग किया जाना चाहिए।

PM मोदी का आज गुजरात में 9 किलोमीटर लंबा रोड शो, भगवा टोपी में आए नजर

गुजरात। उत्तर प्रदेश समेत 4 राज्यों के विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद भाजपा अब मिशन गुजरात पर जुटती दिख रही है। गुरुवार को 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए और उसकी अगली ही सुबह पीएम नरेंद्र मोदी गुजरात पहुंच गए। यही नहीं यहां वह एयरपोर्ट से लेकर गांधीनगर में स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय मंगलम तक 9 किलोमीटर लंबा रोड शो भी किया है। गुजरात में बीते साल ही पूरी सरकार ही बदल दी गई थी और भूपेंद्र सिंह पटेल को मुख्यमंत्री बनाया गया। इसके अलावा नितिन पटेल समेत तमाम पुराने नेताओं को कैबिनेट से बाहर कर दिया गया। ऐसे में मनाना जा रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी ही गुजरात में अहम चेहरा होंगे। आज रोड शो के बाद पीएम नरेंद्र मोदी गुजरात में भाषण भी दे सकते हैं, जिसे चुनाव के आगाज के तौर पर देखा जा सकता है। भले ही चुनाव में भी 9 महीने का वक्त बचा है, लेकिन भाजपा की तैयारियों को देखते हुए समझा जा सकता है कि वह इसे कितनी गंभीरता से ले रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद ट्वीट कर सुबह गुजरात जाने की जानकारी दी थी। पीएम मोदी ने ट्वीट किया था, %गुजरात निकल रहा हूं। आज और कल कई आयोजनों में शामिल रहूंगा। आज शाम को 4 बजे पंचायत महासम्मेलन को संबोधित करूंगा। यहां पंचायती राज संस्थानों से जुड़े कई प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

गुजरात भाजपा के मुताबिक इस रोड शो में करीब 5 लाख लोग शामिल हो सकते हैं। यही नहीं पंचायती राज सम्मेलन में भी 1 लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान जताया जा रहा है। गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार शाम को यूपी समेत 4 राज्यों में जीत को लेकर कहा था कि यह हमारी नीयत और कामों पर जनता के भरोसे का परिणाम है। यही नहीं उन्होंने परिवारवाद पर हमला बोलते हुए कहा था कि मेरे से लिख कर ले लो आने वाले दिनों में परिवारवादी राजनीति का अंत हो जाएगा। माना जा रहा है कि अब पीएम मोदी, अमित शाह समेत तमाम दिग्गज नेता गुजरात में प्रचार में जुटेंगे, जहां 2017 में भाजपा को 99 सीटें ही मिल पाई थीं और कांग्रेस से उसका कड़ा मुकाबला हुआ था। भले ही चुनाव में अभी 9 महीने का वक्त बचा है, लेकिन भाजपा की तैयारियों को देखते हुए समझा जा सकता है कि वह इसे कितनी गंभीरता से ले रही है।

पूज्य बापू के सपनों को पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध : पीएम मोदी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात पंचायत महासम्मेलन को संबोधित कर कहा कि ये बापू की धरती है, ये सरदार पटेल की धरती है। बापू ने हमेशा ग्रामीण विकास की, आत्मनिर्भर गांव की, सशक्त गांव की बात कही है। इसकारण आजादी का अमृत काल हम जब मना रहे हैं, तब पूज्य बापू के सपनों को पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात में पंचायत व्यवस्था में पुरुषों से ज्यादा प्रतिनिधित्व महिलाएं कर रही हैं। 1.5 लाख से अधिक चुने हुए जनप्रतिनिधि एक साथ बैठकर गुजरात के उज्ज्वल भविष्य की चर्चा करें, इससे बड़ा कोई अवसर नहीं हो सकता है, लोकतंत्र को इससे बड़ी कोई ताकत नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को दिशा देने का काम और उसे गति देने का काम आप सभी प्रतिनिधि कर रहे हैं, पंच-सरपंच कर रहे हैं। ग्राम स्वराज का सपना पूरा करने के लिए पंचायती राज व्यवस्था बेहद महत्वपूर्ण है। इस व्यवस्था को दिशा देने का काम, उसे गति देने का काम आप सभी प्रतिनिधि कर रहे हैं, पंच-सरपंच कर रहे हैं।

नमाज अदा करने के लिए पूरी तरह क्यों नहीं खोला जा सकता है मरकज

नई दिल्ली। निजामुद्दीन मरकज खोलने की अनुमति देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से पूछा कि नमाज अदा करने के लिए मरकज के पूरे परिसर को क्यों नहीं खोला जा सकता है। मरकज को पूरी तरह से खोलने की दिल्ली वक्फ बोर्ड की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी की पीठ ने केंद्र सरकार को इस मामले पर अपना स्पष्ट रुख पेश करने को कहा। पीठ ने उक्त सवाल तब जब केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता रजत नायर ने पीठ को सूचित किया कि शब-ए-बारात और रमजान त्योहार के दौरान मरकज में कुल लोगों को नमाज अदा करने की अनुमति दी जाएगी।केंद्र सरकार ने कहा कि मरकज का पूरा परिसर खोलने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। पीठ ने इस पर नायर से कहा कि इस मामले में पहले तल को खोलने में कोई आपत्ति नहीं है तो फिर बाकी तल को खोलने में क्या समस्या है। पीठ ने यह भी कहा कि आपने खुद ही कहा कि कार्यक्रम के दौरान मरकज को खोलने से आपको आपत्ति नहीं है तो फिर हर दिन क्यों नहीं खोला जा सकता है। वहीं, वक्फ बोर्ड की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय घोष ने कहा कि कोरोना महामारी के उच्च संक्रमण काल में भी 50 लोगों को नमाज अदा करने की अनुमति दी गई थी। वहीं, मस्जिद की प्रबंध कमेटी की तरफ से पेश हुई वरिष्ठ अधिवक्ता रेबिका जान ने कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि वहां पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए और मस्जिद परिसर को नहीं खोला जाना चाहिए। इन दलीलों का जवाब देते हुए केंद्र सरकार के अधिवक्ता रजत नायर ने कहा कि पहला तल खोलने की अनुमति दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नमाज अदा करने के लिए अनुमति दी थी।

ड्रोन हमले में सऊदी तेल रिफाइनरी में लगी आग, हाउती के कब्जे से मुक्त कराई गई दो अमेरिकी युवतियां

रियाद। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में एक तेल रिफाइनरी को ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया। हमले के बाद रिफाइनरी में आग लग गई। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हमले की अभी किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। लेकिन हाउती विद्रोहियों पर संदेह जताया जा रहा है। सऊदी गठबंधन यमन में हाउती विद्रोहियों से संघर्ष कर रहा है। ईरान समर्थित हाउती विद्रोही अक्सर ही सऊदी में हमले करते रहते हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस तरह के हमले न केवल सऊदी अरब को निशाना बनाते हैं, बल्कि दुनिया को ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा और स्थिरता को भी निशाना बनाते हैं। बता दें कि सऊदी अरब 2015 से यमन के गृहयुद्ध में

शामिल है। वह हाउतियों के खिलाफ लड़ रहा है जिन्होंने सना की राजधानी पर कब्जा कर लिया और वहां की सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया। सात साल की लड़ाई और युद्ध के बावजूद, हाउतियों का सना और उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण है। यमन में युद्ध ने हजारों लोगों को मार डाला है। इस विद्रोह ने दोनों सेनानियों और नागरिकों समेत दुनिया के सबसे खराब मानवीय संकट को जन्म दिया है। इस दौरान कई और आंतरिक रूप से विस्थापित भी हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने चेतावनी दी है कि लंबे समय से चल रहे नागरिक संघर्ष और मानवीय सहायता के लिए धन की कमी के कारण लगभग 13 मिलियन यमन भुखमरी की ओर बढ़ रहे हैं। समाचार एजेंसी रायटर के मुताबिक, सऊदी अरब और अमेरिका ने संयुक्त अभियान चलाकर यमन की राजधानी सना में हाउती विद्रोहियों के कब्जे से दो अमेरिकी युवतियों को मुक्त करा लिया।

चुनावों में फिर नॉन परफॉर्मिंग एसेट साबित हुआ गांधी परिवार

नई दिल्ली)। चार राज्यों में कांग्रेस की हार ने गांधी-वाड्रा नेतृत्व और पार्टी को नॉन परफॉर्मिंग एसेट बना दिया है। चुनाव से पहले इन राज्यों में कांग्रेस के लिए उज्ज्वल संभावनाएं दिख रही थीं, लेकिन पार्टी आलाकमान इसे अपने पक्ष में नहीं भुना पाया। प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश में जिस तरह से सक्रिय नजर आईं, उसकी अपेक्षा पार्टी को सफलता नहीं मिली। यूपी में कांग्रेस का प्रदर्शन और भी ज्यादा खराब हो गया। नतीजे पर कांग्रेस के आंतरिक समीकरणों और सक्रिय विपक्षी राजनीति में इसकी संभावनाओं को भी प्रभावित करेंगे। हार ने कांग्रेस में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए सिर्फ पारिवारिक



विरासत का अधिकार पर भी सवाल उठाए हैं। कांग्रेस खेमा यह भी स्वीकार करेगा कि चार राज्यों में भाजपा के प्रदर्शन से 2024 की उसकी संभावनाएं धूमिल हुई हैं। वहीं, आप की पंजाब की जीत उसे हिमाचल प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विस्तार करने के लिए प्रेरित करेगी। आप इन राज्यों में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के एकाधिकार को चुनौती देगी। भले ही तृणमूल कांग्रेस गोवा में जीतने में विफल रही, लेकिन ममता बनर्जी के भी कांग्रेस के मैदानों और नेताओं पर छापेमारी जारी रखने की संभावना है। नतीजों के बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार, टीआरएस के केशव राव और विजयी आप नेताओं ने विपक्षी दलों को भाजपा विरोधी एकता और प्रयासों को जुटाने में सक्रिय होने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो कांग्रेस की घटती भूमिका का संकेत है। पार्टी की अंदरूनी कलह भी हार की सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है। हालांकि कांग्रेस की ताजा हार तब हुई, जब कुछ महीने बाद पार्टी अध्यक्ष का चुनाव होने वाला है।

खास खबर

सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की डेट शीट जारी

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं एवं 12वीं कक्षा के लिए दूसरे चरण की बोर्ड परीक्षा 26 अप्रैल से शुरू होगी। पिछले साल सीबीएसई ने घोषणा की थी कि 2022 के लिए बोर्ड परीक्षा दो चरणों में आयोजित होगी। इसके तहत पहले चरण की परीक्षा पूर्व में ही आयोजित की जा चुकी है और दोनों कक्षाओं के लिये दूसरे चरण की परीक्षा 26 अप्रैल से आयोजित होगी। बोर्ड ने तिथि तालिका जारी करते हुए कहा कि दोनों परीक्षाओं के बीच इसका ध्यान में रखते हुए पर्याप्त अंतर रखा गया है कि महामारी के कारण स्कूल बंद थे। इसमें कहा गया है, कि महामारी के कारण स्कूलों के बंद रहने से पठन पाठन का नुकसान हुआ, इसकारण दोनों कक्षाओं में लगभग सभी विषयों में दोनों परीक्षाओं के बीच (समय का) पर्याप्त अंतर रखा गया है। इसमें कहा गया है, कि तिथि तालिका तैयार करते हुए जेईई मेन सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का भी ध्यान रखा गया है। इस बार परीक्षा का समय सुबह 10-30 बजे होगा।साथ ही जानकारी दी गई कि परीक्षा को दो पालियों में आयोजित नहीं किया जाएगा। बता दें कि सीबीएसई कि टर्म-1 बोर्ड परीक्षा नवंबर-दिसंबर में आयोजित की गई थी।

युवक के बैंक खातों में पांच करोड़ का लेनदेन, पुलिस जांच में जुटी

भोपाल। मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले से अजीब मामला सामने आया है। चाय की दुकान पर काम करने वाले युवक के बैंक खातों में तीन माह में पांच करोड़ का लेनदेन सामने आया है। युवक को 15 से 20 हजार रुपए भी मिलते थे। मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। दरअसल उज्जैन में युवक के बैंक खाते में लेनदेन का मामला सुर्खियों में बना हुआ है। राहुल मालवीय नामक युवक के बैंक अकाउंट में तीन माह के अंदर पांच करोड़ रुपए आए और बाद में निकाल भी लिया गया। पैसा एटीएम और चेक के माध्यम से निकाला गया था। जानकारी मिली है कि इसके लिए राहुल को 15 से 20 हजार रुपए हर महीना मिलता था। राहुल ने इसी पैसों से करीब 25 लाख का मकान खरीद लिया था। जब बैंक ने राहुल के खातों में लगातार लाखों रुपए आने पर उससे पूछा तब राहुल घबरा गया और पुलिस के पास मदद के लिए गया। लेकिन पुलिसवाले भी राहुल को मोहरा बनाकर पैसे ऐंठना चाहा। बता दें कि मामले में राहुल ने पुलिस को जानकारी दी कि कुछ महीने पहले छत्तीसगढ़ के सत्यप्रकाश नामक शख्स ने उसकी चाय की दुकान पर मुलाकात की थी। उसने राहुल को इंदौर के कुछ लोगों से मिलवाया और सोशल मीडिया पर फनी वीडियो डालने का काम दिया था। 7 दिनों तक उसे इंदौर में रखकर इस पूरे काम की ट्रेनिंग भी दी।

पराजय के बाद पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के सीएम पद से इस्तीफा दिया

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन कर जीत का परचम पहराया पर यहां सीएम पुष्कर सिंह धामी खुद चुनाव हार गए। नतीजों के एक दिन बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को पद से इस्तीफा दे दिया। यहां राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं को बताया कि नया जनादेश मिलने और पुरानी सरकार का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्होंने राज्यपाल को अपना और अपने मंत्रिमंडल का त्यागपत्र सौंप दिया है। निर्वतमान सरकार के कैबिनेट सहयोगी, सतपाल महाराज, गणेश जोशी और स्वामी यतीश्वरानंद भी इस दौरान धामी के साथ थे। गुरुवार को घोषित विधानसभा चुनाव परिणाम के अनुसार भाजपा ने 70 में 47 सीटें अपने नाम कर दो तिहाई से ज्यादा बहुमत हासिल किया लेकिन पाटी को जीत तक ले जाने वाले मुख्यमंत्री धामी स्वयं अपनी सीट बरकरार रखने में विफल रहे। तीसरी बार विधायक बनने का प्रयास कर रहे धामी को खटीमा सीट पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष भुवनचंद्र कापडी के हाथों शिकस्त मिली।

जम्मू-कश्मीर के गुरेज सेक्टर में सेना का चीता हेलीकॉप्टर क्रैश

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के गुरेज सेक्टर में भारतीय सेना का एक चीता हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। सुरक्षा बलों के तलाशी दल हेलिकॉप्टर के चालक दल के बचाव के लिए रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि यह विमान हादसा गुरेज के बर्फीले इलाके में हुआ है। इस इलाके में काफी समय से बर्फबारी हो रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह हासदा आज दोपहर करीब 12 बजे बरौम गुरेज में हुआ। हेलिकॉप्टर पर सवार पायलट और सह पायलट के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। रक्षा विभाग के अधिकारी ने कहा कि इस दुर्घटना के बारे में विवरण जुटाए जा रहे हैं। दुर्घटना की सूचना मिलने के तत्काल बाद ही बचाव अभियान शुरू कर दिया गया।

न्यूज़ ट्रैक....

सौम्या तिवारी प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर सम्मान से सम्मानित

इन्दौर । गत दिवस हैप्पी वंडर वलब इन्दौर द्वारा भोपाल की उभरती हुई क्रिकेटर सौम्या तिवारी को मधुकर सोमान स्मृति प्लेयर ऑफ द ईयर 2021-22 से सम्मानित किया गया। सौम्या को मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव सिंध?यानी पाटनी ने महिला चयनकर्ता चित्रा बाजपेई, अंडर 19 चयनकर्ता रेखा पुणोकर, अंडर 16 चयनकर्ता शुभ्रा गोयल के अलावा हैपी वंडर वलब के अध्यक्ष सोमान व सचिव प्रभाकर दादा कुलकर्णी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि हैप्पी वंडर वलब इन्दौर ने प्रदेश को कई विक्रम अवार्डी महिला क्रिकेट खिलाडी दिया है।

फय्याज अंसारी ने जीता मिस्टर इन्दौर बेस्ट पोजर 2022 का खिताब

इन्दौर । शहर में बॉडी बिल्डिंग की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को लेकर बीती शाम खासा उत्साह देखा गया। जिला शरीर सौष्ठव संघ इन्दौर और इन्दौर बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन के तत्वावधान में मिस्टर इन्दौर 2022 बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता रोबोट चौराहा के समीप आयोजित की गई। जिसमें बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में 55 से लेकर 100 किलोग्राम कैटेगरी के 100 से ज्यादा बॉडी बिल्डर खिलाड़ियों ने अपना शारीरिक सौष्ठव दिखाया। दिलचस्प मुकाबले में फय्याज अंसारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मिस्टर इन्दौर बेस्ट पोजर 2022 का खिताब जीता। इस चैंपियनशिप में उन्हें बॉडी पोजिंग में सबसे ज्यादा अंक मिले। साथ ही फय्याज ने 60 किलो वर्ग में गोल्ड हासिल किया। फेडरेशन के समीर व्यास ने बताया मिस्टर इन्दौर चैंपियन ऑफ द चैंपियन का खिताब जगदीश साहू के नाम गया। वहीं मोस्ट मस्कुलर बॉडी का खिताब राहुल नरवरिया के नाम रहा। आयोजन समिति के अध्यक्ष चन्द्रशेखर चौधरी, सचिन दीपक राठौर ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व बॉडी बिल्डर सीमा वर्मा, मुक्तासिंह, देवेंद्र सिंह खनूजा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। संचालन संजय कराड़े ने किया। मुख्य अतिथि दिनेश पालीवाल, ऋतु छाबड़ा, विपिन पाटीदार, कोमल पाटीदार, सुनील पाटीदार ने बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया।

दो साल बाद कल होगा हाउसफुल क्रिकेट मैच

भारत श्रीलंका मैच में 100 फीसदी फेंस की एंट्री की मिली इजाजत

बेंगलुरू। भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला शनिवार से बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। ये डे-नाइट टेस्ट होगा, इस मुकाबले से पहले फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आ रही है। दरअसल, पिंक बॉल टेस्ट के लिए पहले 50% फैंस को मैदान पर जाकर मैच देखने की अनुमति थी, मगर अब कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (KSCA) ने इसमें बदलाव किए हैं।

सरकार से अनुमति मिलने के बाद अब बेंगलुरु टेस्ट में 50 की जगह 100% फैंस को अनुमति देने का फैसला लिया गया है। यह निर्णय टिकट की बढ़ती मांग को देखते हुए लिया गया है। 50 प्रतिशत फैंस की एंट्री के बाद 10 हजार से ज्यादा टिकट बिक्री के लिए रखे गए थे, लेकिन ब्रिकी शुरू होने के बाद देखते ही देखते पहले दो दिनों के सभी टिकट बिक गए।

इसके बाद टिकटों की मांग और ज्यादा बढ़ने लगी। ESPN क्रिकइंफो के मुताबिक, बढ़ती डिमांड के बाद चस्ष्ट पूरी क्षमता से स्टेडियम को

खोलने के लिए राजी था और इस बारे में उसे राज्य सरकार से भी अब इजाजत मिल गई है। बता दें कि शुक्रवार, 11 मार्च से बचे हुए टिकटों की ब्रिकी शुरू हो जाएगी।

2 साल बाद फुल होगा स्टेडियम

कोरोना वायरस की शुरुआत के बाद ये पहला ऐसा मौका होगा, जब भारत कोई इंटरनेशनल मैच 100त्न फैंस की मौजूदगी में खेला जाएगा। इस मैच को लेकर फैंस के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बता दें कि बेंगलुकर में 2018 के बाद कोई टेस्ट और 2020 के बाद कोई इंटरनेशनल मैच हो रहा है।

पिंक बॉल टेस्ट और मिशन क्लीन स्वीप

मोहाली में खेला गया पहला टेस्ट टीम इंडिया ने पारी और 222 रन से जीता था। बेंगलुरु में रोहित एंड कंपनी की नजर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप करने पर रहेगी। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत ओवरऑल चौथा और घरेलू मैदानों पर तीसरी बार डे-नाइट टेस्ट मैच खेलेगा। टीम इंडिया ने अभी तक 3 डे-नाइट टेस्ट खेले

अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता-2022

अंजली वर्मा ने लॉन टेनिस के सिंगल्स में जीता स्वर्ण पदक

खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे ने दी बधाई

भोपाल । अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 14 मार्च, 2022 तक लेक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, चण्डीगढ़ में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में संसदीय कार्य विभाग वल्लभ भवन, मंत्रालय की लॉन टेनिस खिलाड़ी अंजली वर्मा, सहा. ग्रेड-3 ने वूमेन सिंगल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। यह पहली बार है कि म.प्र. की किसी खिला?ी ने सिविल सेवा के वूमेन सिंगल्स लॉन टेनिस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित किया है। सुश्री अंजली वर्मा का डबल्स और मिक्सड डबल्स का इवेन्ट अभी होना है। अंजली वर्मा वर्ष 2013 की विक्रम अवार्डी खिलाड़ी है। अंजली वर्मा ने 50 से अधिक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी कर 25 से ज्यादा पदक अर्जित किए है। प्रदेश की खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने अखिल भारतीय सिविल सेवाल लॉन टेनिस प्रतियोगिता में अंजली वर्मा के उत्कृष्ट प्रदर्शन

कर स्वर्ण पदक अर्जित करने पर उनके खेल की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि अंजली वर्मा ने चंडीगढ़ की मधु को 9-1 से परास्त कर प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तीसरे स्थान पर सेन्ट्रल सेक्रेटिएट, नई

शीर्ष क्रम की खराब बल्लेबाजी के कारण मैच हारे : मिताली

हैम्लिटन । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने आईसीसी महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड से मिली हार पर निराश जाहिर की है। मिताली ने कहा कि हमारा शीर्ष क्रम उम्मीद के अनुसार बल्लेबाजी नहीं कर पाया। इसी कारण भारतीय टीम 261 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 198 रनों पर ही आऊट हो गई। मैच हारने के बाद मिताली ने कहा कि टीम की गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया था पर मेजबान टीम का मध्यक्रम बीच के समय में अच्छी साझेदारी बनाने में सफल रहा। जिससे कीवी टीम एक अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। भारतीय कप्तान ने कहा है कि 261 रनों का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था पर हमारा शीर्ष क्रम रन नहीं बना पाया जिससे टीम हार गयी।

हमें क्रीज पर टिककर बल्लेबाजी करने की जरूरत थी। बल्लेबाजी को और बेहतर करने की जरूरत है। गेंदबाजों ने आज अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने पिछले मैच में भी अच्छा प्रदर्शन किया था पर बल्लेबाजी को आगे आने वाले मैचों के लिए सुधार करना होगा। भारत की ओ से केवल हरमनप्रीत कौर ही 71 रन बना पायीं। अन्य बल्लेबाजी असफल रहीं।

इस मैच में मेजबानो की ओर से अमेलिया केर ने 50, सैदरवैट ने 75 वहीं कैटी मार्टिन ने 41 रन बनाए थे। वहीं भारतीय टीम की ओर से पूजा ने 34 रन देकर चार विकेट लिए थे।

व्यापारन्यूज

हवाई यात्रा के किराए में 40 फीसदी तक आएगी गिरावट

नई दिल्ली । हवाई यात्रा के किराए में 40 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। जानकारों का कहना है, कि 27 मार्च से रेगुलर इंटरनेशनल ट्रैवल फिर से शुरू किए जाने के सरकार के फैसले से पलाइट्स की संख्या में इजाफा हो सकता है। इसके चलते किराए में कमी आ सकती है। रेगुलर कमर्शियल इंटरनेशनल फ्लाइट्स कोविड के कारण दो साल के प्रतिबंध के बाद फिर से शुरू हो रही हैं। लुफ्थांसा और रुग्ध फैरियर रिवस ने अगले कुछ महीनों में उड़ानों को लगभग दोगुना करने की योजना बनाई है, जबकि सिंगापुर एयरलाइंस उड़ानें 17 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है। डॉमेस्टिक कैरियर इंडिगो को आने वाले महीनों में लगभग 100 वैश्विक उड़ानें फिर से शुरू करने की उम्मीद है। भारत में नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध के दौरान एयरलाइंस को कुछ देशों के साथ एयर बबल व्यवस्था के तहत सीमित संख्या में विदेशी उड़ानें संचालित कर सकने की अनुमति थी। भारत-अमेरिका जैसे कुछ हवाई मार्गों पर महामारी से पहले की तुलना में सीमित क्षमता ने हवाई किराए को 100 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। जानकारों ने कहा, नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के निलंबन ने मांग-आपूर्ति असंतुलन पैदा कर दिया था, जिससे बबल समझौतों के तहत कुछ मार्गों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रा महंगी हो गई थी। क्षमता के वापस आने और कनेक्टिविटी व अधिक मार्गों में वृद्धि के साथ, हम उम्मीद कर सकते हैं कि अंतरराष्ट्रीय किराए पूर्व-कोविड स्तरों पर लौट आएंगे।

सेबी ने जारी की चूककर्ताओं की सूची

नई दिल्ली । भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 25 चूककर्ताओं की सूची जारी की जिनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। सेबी के मुताबिक इन चूककर्ताओं ने न तो निवेशकों का पैसा लौटाया और न ही उसकी तरफ से लगाए गए जुर्माने को भरा था। सेबी ने अपनी वेबसाइट पर संपर्क से दूर चूककर्ताओं का ब्योरा देते हुए कहा कि उसके वसूली अधिकारी ने इन व्यक्तियों के खिलाफ वसूली का प्रमाणपत्र जारी कर दिया है। लेकिन इन चूककर्ताओं को उनके आखिरी ज्ञात पते पर नोटिस दिए नहीं जा सके।सेबी ने कहा कि वसूली के ये नोटिस जुलाई 2014 से लेकर जनवरी 2022 के दौरान जारी किए गए थे। सेबी ने कहा कि उसके वसूली अधिकारी से चूककर्ता ईमेल या पत्र के जरिए 24 मार्च 2022 तक संपर्क कर सकते हैं। सेबी की तरफ से जारी सूची में कन्हैयालाल जोशी, संतोष कृष्ण पवार, चेतन मेहता, मुकुंद यदु जम्भाले, अंकित के अग्रवाल, जयेश शाह, सुरेशकुमार पी जैन, प्रवीण वशिष्ठ, राजेश तुकाराम दाम्बरे, जयेश कुमार शाह, दहयाभाई जी पटेल, दलसुखभाई डी पटेल, विट्ठलभाई वी गाजेरा के नाम शामिल हैं। इस सूची में विनोद डी पटेल, प्रवीण बी पटेल, नवीन कुमार पटेल, सुनील कुरिल, दिलीप हेमंत जम्भाले, जगदीश जयचंदभाई पांड्या, चिराग दिनेशकुमार शाह, प्रशांत खानकारी, कैलाश श्रीराम अग्रवाल, दतू शितोले, जितेंद्र चंद्रभान सिंह और अंकित सांघरिया के नाम भी हैं।

कमजोरी के बाद शेयर बाजार में आई तेजी

सेंसेक्स 268 अंक चढ़ा, निफ्टी 16,600 के पार

मुंबई । वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के कारण शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी भी कमजोर खुले हालांकि कुछ ही मिनट के बाद इनमें बढ़त देखी गई। इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 414.44 अंक की गिरावट के साथ 55,049.95 पर था। हालांकि कुछ ही मिनट बाद यह घाटे से उबरा और 268.39 अंक चढ़कर 55,732.78 पर आ गया। इसी तरह एनएसई निफ्टी शुरुआती कारोबार में 124 गिरकर 16,470.90 पर आ

गया लेकिन जल्द लिवाली शुरू हो गई और यह 70.70 अंक की बढ़त के साथ 16,665.60 पर आ गया। सेंसेक्स में टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा और बजाज फिनसर्व के शेयर लाभ में थे जबकि मारुति सुजुकी इंडिया, नेस्ले, इंफोसिस और विप्रो के शेयर नुकसान में थे। पिछले सत्र में तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के आखिर में 817.06 अंक बढ़कर 55,464.39 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 249.55 अंक की उछाल के साथ 16,594.90 अंक के स्तर पर जाकर बंद हुआ था। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को सकल आधार पर 1,981.15 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे चढ़ा

मुंबई । घरेलू शेयर बाजार में बढ़त और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे चढ़कर 76.27 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.34 पर खुला। फिर यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 16 पैसे की बढ़त दर्ज करते हुए 76.27 के स्तर पर आ गया। पिछले सत्र में गुरुवार को रुपया 19 पैसे की तेजी के साथ 76.43 प्रति डॉलर के स्तर बंद हुआ था। पांच राज्यों में हुए चुनाव के नतीजे गुरुवार को सामने आए जिनमें

उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गोवा और मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने शानदार जीत दर्ज की। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक विधानसभा चुनावों के नतीजे नीतिगत निरंतरता और स्थिरता देने वाले हैं और यही बात बाजार के लिए अहम होती है।इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03

पीएफआरडीए की दो पेंशन योजनाओं के अंशधारक बढ़कर 5 करोड़ से अधिक हुए

नई दिल्ली । पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की तरफ से संचालित दो प्रमुख पेंशन योजनाओं से जुड़ने वाले अंशधारकों की संख्या फरवरी के अंत तक सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 5.07 करोड़ से अधिक हो गई। पीएफआरडीए ने कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं में शामिल अंशधारकों की संख्या फरवरी, 2022 के आ?खिरी तक बढ़कर 5 करोड़ 7.23 लाख हो गई। पीएफआरडीए के मुताबिक, फरवरी, 2021 के अंत में यह संख्या 4 करोड़ 14.70 लाख थी। इस तरह पेंशन योजनाओं में शामिल लोगों की संख्या एक साल पहले की तुलना में 22.31 प्रतिशत बढ़ी है। एनपीएस और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत प्रबंधन वाली कुल परिसंपत्तियां भी 28.21 प्रतिशत बढ़कर 7,17,467 करोड़ रुपए हो गईं। पेंशन नियामक के मुताबिक, एनपीएस में शामिल केंद्र सरकार के कर्मचारियों की संख्या फरवरी अंत तक करीब पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 22.75 लाख हो गई। वहीं राज्य सरकारों के कर्मचारियों की संख्या 9.22 प्रतिशत बढ़कर 55.44 लाख हो चुकी है। अगर कॉरपोरेट जगत की बात करें, तो एनपीएस में शामिल होने वाले कर्मचारियों की संख्या फरवरी, 2022 के अंत तक 25 प्रतिशत की तीव्र बढ़त के साथ 13.80 लाख पर पहुंच गई। अटल पेंशन योजना में पंजीकृत लोगों की संख्या फरवरी अंत तक 29 प्रतिशत बढ़कर 3.52 करोड़ हो गई।

सोना और चांदी में आई गिरावट

मुंबई । सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने के भाव में गिरावट देखने को मिली है। एमसीएक्स पर पांच अप्रैल 2022 की डिलीवरी वाला सोना शुक्रवार सुबह 309 रुपए की गिरावट के साथ 52,930 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखाई दिया। सोने के साथ ही चांदी की वायदा कीमतों में भी शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर भी शुक्रवार को सोने-चांदी के भाव गिरावट के साथ ट्रेड करते दिखाई दिए। सोने के साथ ही चांदी की वायदा कीमतों में भी शुक्रवार सुबह गिरावट दखने को मिली है। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में 5 मई 2022 की डिलीवरी वाली चांदी की कीमत 0.49 फीसदी या 345 रुपए की गिरावट के साथ 70,126 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखाई दी। वैश्विक स्तर पर भी शुक्रवार सुबह सोने के भाव में गिरावट देखने को मिली है। ब्लूमबर्ग के अनुसार सोने का वैश्विक वायदा भाव कॉमेक्स पर शुक्रवार सुबह 4.40 डॉलर की गिरावट के साथ 1996 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वहीं सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 5.74 डॉलर की गिरावट के साथ 1989.25 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया। चांदी के वैश्विक वायदा भाव में भी शुक्रवार सुबह गिरावट देखने को मिला।

चालू वित्त वर्ष में महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था 12 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान

मुंबई । महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2021-22 में 12.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। इस दौरान कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र की वृद्धि दर 11.9 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रह सकती है। महाराष्ट्र विधानसभा में पेश वित्त वर्ष 2021-22 की राज्य आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में फसल उपज में तीन प्रतिशत, पशुधन में 6.9 प्रतिशत, वानिकी में 7.2 प्रतिशत और मत्स्यपालन में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। समीक्षा कहती है कि वित्त वर्ष 2021-22 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 31,97,782 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है जबकि प्रति व्यक्ति आय 1,93,121 करोड़ रुपए रह सकती है। वर्ष 2019-20 में प्रति व्यक्ति आय 1,96,100 करोड़ रुपए रही थी। बजट अनुमानों के मुताबिक वर्ष 2021-22 में राजस्व प्राप्तियां 3,68,987 करोड़ रुपए रहेंगी। वित्त वर्ष 2020-21 में यह 2,89,498 करोड़ रुपए रही थीं। आर्थिक समीक्षा के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में केंद्रीय अनुदान समेत राज्य का कर एवं गैर-कर राजस्व क्रमशः 2,85,534 करोड़ रुपए एवं 83,453 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। बजट अनुमानों के मुताबिक इस वित्त वर्ष में राजस्व खर्च 3,79,213 करोड़ रुपए रहेगा जबकि वर्ष 2020-21 के संशोधित अनुमानों के मुताबिक यह 3,35,675 करोड़ रुपए रहा था। आर्थिक समीक्षा कहती है कि राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान इस वित्त वर्ष के बजट में जताया गया है। वहीं राष्ट्रीय जीडीपी में महाराष्ट्र की औसत हिस्सेदारी 14.2 प्रतिशत के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गई है। अद्यतन अनुमानों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 में प्रति व्यक्ति राज्य आय 2,25,073 रुपए रहने का अनुमान है। खरीफ सत्र 2021-22 में 155.15 लाख हेक्टेयर में बुवाई की गई। चालू वित्त वर्ष में अनाज, दाल, तिलहन, कपास एवं गन्ने की पैदावार एक साल पहले की तुलना में क्रमशः 11 प्रतिशत, 27 प्रतिशत, 13 प्रतिशत, 30 प्रतिशत एवं 0.4 प्रतिशत कम रहने का अनुमान है। वहीं रबी सत्र में जनवरी के अंत तक 52.47 लाख हेक्टेयर इलाके में बुवाई की गई थी। दालों की पैदावार में 14 प्रतिशत तेजी का अनुमान है जबकि अनाज एवं तिलहन की उपज में क्रमशः 21 प्रतिशत एवं सात प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। आर्थिक समीक्षा के मुताबिक, महाराष्ट्र में अक्टूबर, 2021 के अंत तक 10,785 स्टार्टअप सक्रिय थे।

शोर्ट वीडियोस के बाद अब फिल्मों में नजर आयेगी निशा गुरगैन

टिकटॉक सुपरस्टार निशा गुरगैन इन दिनों चर्चा में हैं. खबर है कि निशा बहुत जल्द शोर्ट वीडियोस के बाद अब फिल्मों में नजर आने वाली हैं. जी हां खबर है कि अब निशा के जीवन की कहानी पर बायोपिक बनने जा रही है. फिल्म का प्रोडक्शन देख रही कंपनी ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि ये फिल्म नवंबर 2021 में फ्लोर पर जाने वाली है. इतना ही नहीं फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट को भी साइन कर लिया गया है. प्रोडक्शन का कहना है कि इस बायोपिक में निशा अपना किरदार खुद निभाने वाली हैं. इस फिल्म के लिए फिल्म की टीम ने महेश मांजरेकर को साइन कर लिया गया है. वहीं इस फिल्म में निशा के वायरल हुए एमएमएस को लेकर कहानी गढ़ी गई है. जिसमें वो लोगों के सामने अपना पक्ष रखते हुए नजर आएंगी. जहां ये फिल्म कई चीजों का पक्ष विपक्ष दर्शकों के सामने रखते हुए नजर आएंगी. आपको बता दें, निशा गुरगैन मूल रूप से नेपाल की रहने वाली हैं. साल 1997 में उनका जन्म मुंबई में हुआ था. जहां निशा ने बहुत ही कम उम्र में सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल कर ली थी. टिकटॉक के बैन होने से पहले निशा के करीब 27 मिलियन फॉलोअर्स थे. निशा भारत में सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली स्टार थीं. टिकटॉक के बैन के बाद उन्होंने इंस्टाग्राम रिल्स पर अपना सफर शुरू किया और आज वहां भी उनका बहुत बड़ा नाम है. इंस्टाग्राम पर भी निशा के कुल 4.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

मुझे अभी भी लगता है कि मैं स्ट्रगल कर रहा हूं : जॉन अब्राहम

बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम का कहना है कि वह अभी भी खुद को एक ऐसा एक्टर मानते हैं, जिसका बॉलीवुड में कुछ बड़ा करना अब भी बाकी है। जॉन कहते हैं कि वह अभी स्ट्रगल कर रहे हैं और इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के प्रयास में जुटे हुए हैं। उन्होंने

बताया, मैं शायद सुनने में काफी विनम्र लग सकता हूं, लेकिन ऐसा नहीं है। सच कहूं तो मेरा मानना है कि मैं अभी भी संघर्ष कर रहा हूं और अपनी एक पहचान बनाने की कोशिश में जुटा हुआ हूं। मैं सेट पर सभी को बताता रहता हूं कि मैं फिल्म सेट पर होने का काफी आभारी हूं। पहले से ज्यादा अब मैं इस बात को लेकर अधिक सचेत हूं। अभिनेता ने कहा कि इंडस्ट्री में इन सालों के दौरान उनमें काफी विकास हुआ है। जॉन कहते हैं, अपने करियर के शुरुआती दिनों में मैं काफी ज्यादा कैजुअल था। उन दिनों मुझमे असफल होने की चिता नहीं थी, लेकिन आज मुझे इस बात का डर है। यह आपको बहुत कुछ सिखाता है।

करीना कपूर ने मास्क लगाकर फोटो शेयर की

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान हाल ही में दूसरी बार मां बनीं हैं. जब से एक्ट्रेस मां बनी हैं सुर्खियों में हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में एक बेटे को जन्म दिया है. अब बेटे के जन्म के बाद करीना एक बार फिर से काम पर भी लौट आई हैं. ऐसे में कोरोना के बढ़ते प्रकोप के बीच करीना कपूर ने मास्क को लेकर सभी को एक मैसेज दिया है. देश में कोरोना की दूसरी लहर देखने को मिल रही है. इस लहर के चेपेट में कई लोग आ रहे हैं. बॉलीवुड के कई सेलेब्स को कोरोना हो गया है. ऐसे में करीना कपूर ने मास्क के साथ की अपनी एक फोटो शेयर करते हुए कैप्शन भी लिखा है. हाल ही में करीना कपूर ने एक पोस्ट अपने प्रशंसकों के लिए शेयर किया. करीना कपूर ने अपनी कार में बैठे हुए की एक तस्वीर साझा की है. फोटो में अभिनेत्री फेस मास्क पहने नजर आ रही हैं. करीना कपूर खान ने मास्क पहने अपनी एक सेल्फी क्लिक की है जो फैंस के लिए शेयक किया है. तस्वीर साझा करते हुए एक्ट्रेस ने अपने फैंस से एक अनुग्रह किया है. देश में बढ़ते कोविड-19 सकारात्मक मामलों के बीच, अभिनेत्री ने अपने सभी चाहने वालों से कहा कि कोई प्रचार नहीं, बस अपना मास्क पहनें. करीना ने इसके साथ ही बताने की कोशिश की है कि वह प्रचार करने की कोशिश नहीं कर रही हैं. उन्होंने बताया कि उसके पीछे की वजह कोरोना के कारण सभी को मास्क पहनना चाहिए. फोटो में अभिनेत्री ने कैजुअल कपड़े पहने नजर आई हैं. इस दौरान करीना बहुत खूबसूरत दिख रही हैं. इस तस्वीर में करीना ने लुई वुइटन काले रंग का फेस मास्क पहना हुआ है. इसके साथ ही बेबो ने एक मिनिमलिस्टिक मेकअप लुक चुना है. उन्होंने अपनी आंखों को हाइलाइट करते हुए सिर्फ एक ब्लैक आईलाइनर से अपना आई-मेकअप किया है।

जब अनुष्का शर्मा ने रणबीर कपूर को मारा था जोरदार थप्पड़

करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म 'ऐ दिल है मुश्किल' को फैंस ने काफी पसंद किया था. रणबीर कपूर, अनुष्का शर्मा और ऐश्वर्या राय स्टारर इस फिल्म के संगीत को अभी तक सराहा जाता है. फिल्म से रणबीर कपूर और अनुष्का शर्मा की लवस्टोरी को दिखाया गया था. फिल्म में रणबीर कपूर अयान और अनुष्का शर्मा अलीजेह के रोल में नजर आई थीं. अब फिल्म के सीन को किस्सा तेजी से वायरल हो रहा है. फिल्म में रणबीर और अनुष्का के बोल्ड से लेकर मस्ती वाले तड़के को जमकर पिरोया गया था. फिल्म के एक सीन मे अनुष्का को रणबीर को थप्पड़ मारना था लेकिन फैंस को नहीं पता इस सीन के कारण एक्टर गुस्सा हो गए थे. फैस को शायद याद हो फिल्म का वो सीन जब अयान की प्रेमिका लीसा हेडन और अलीज़ेह के बॉयफ्रेंड इमरान अब्बास टॉयलेट में एक साथ पकड़ लेते हैं और फिर वह गर्लफ्रेंड की बेवफाई में जमकर रोते हैं. ऐसे मेंअयान को सांत्वना देने के बजाय अलीज़ेह उसे थप्पड़ जड़ देती है. आपको बता दें कि इस सीन को करते समय अनुष्का ने वाकई में रणबीर को बहुत तेजी से थप्पड़ मारा था जिससे एक्टर सेट पर बुरी तरह भड़क गए थे. इस सीन को शूट करते समय अनुष्का ने रणबीर को तीन बार जोरदार थप्पड़ मारा था. फिल्म के मेकर्स के द्वारा शेयर किए गए वीडियो में आप देख सकते हैं कि अनुष्का के थप्पड़ मारने से रणबीर गुस्सा हो जाते हैं और दोनों के बीच सेट पर बहस भी हो गई थी. इस थप्पड़ को खाने के बाद हैरान होकर रणबीर अनुष्का से कहते नजर आते हैं कि यह मजाक नहीं है. ऐसे में अनुष्का भी जवाब नें गुस्से में कहती हैं कि क्या वह जानबूझकर ऐसा कर रही हैं. इसके बाद रणबीर अनुष्का से कहते हैं कि वह इतना तेज से ना मारें. इस मामले को बढ़ता देखकर अनुष्का ने रणबीर से माफी मांगते हुए झगड़े को खत्म कर दिया था. वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस इस पर तरह तरह से कमेंट कर रहे हैं. वर्कफ्रंट की बात करें तो अनुष्का शर्मा एक लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं. एक्ट्रेस आखिरी बार जीरो फिल्म में शाहरुख खान और कैटरीना कैफ के साथ नजर आई थीं।

'बवाल' गाने पर धमाल मचा रही हैं जॉर्जिया एंड्रियानी, अपने डांस से कर रही हैं सभी को घायल

अरबाज खान काफी समय से अपनी इटालियन गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी को डेट कर रहे हैं. काफी सारे मौकों पर दोनों को एक साथ देखा गया है. जॉर्जिया को सलमान के घर पर भी कई बार देखा जा चुका है. उन्हें लेकर काफी समय से ये ये खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों में नजर आएंगी और आखिरकार वो दिन भी आ गया. जॉर्जिया का एक गाना जल्द ही रिलीज होने वाला है. 'बवाल' गाने पर वो जमकर थिरकने वाली हैं. हालांकि, वो इस वक्त भारत में नहीं हैं लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी जरा सी आहट सबके दिलों को धड़काने का काम कर रही है.

अभिनेत्री जॉर्जिया एंड्रियानी सोशल मीडिया पर आए दिन काफी दिलचस्प वीडियो शेयर करती रहती हैं अरबाज खान के साथ रिलेशनशिप में आने के बाद जॉर्जिया एंड्रियानी काफी चर्चा में रहने लगी हैं. जॉर्जिया ने वेब सीरीज 'कैरोलिन एंड कामाक्षी' से अपनी एक्टिंग डेब्यू की है, जिसके बाद वो सिंगर मीका सिंह के साथ 'रूप तेरा मस्तना' म्यूजिक एल्बम में नजर आई थीं.

जॉर्जिया एंड्रियानी जो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं, उन्होंने एक और वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर अपलोड किया है जिसमें अभिनेत्री 'फर्स्ट इंडियन बॉय बंद', एमजे 5 जो अपने 'बवाल' गाने से म्यूजिक इंडस्ट्री में डेब्यू किया है, उन्हीं के गाने पर डांस करते नजर आ रही हैं. इस वीडियो को एमजे 5 ने भी पसंद किया है।

साकिब सलीम के साथ स्पॉट हुई रिया चक्रवर्ती

बॉलीवुड के अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले सुर्खियों में आई अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती पिछले काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई है। अब हाल ही में रिया चक्रवर्ती चर्चा में बनी हुई है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को मुंबई के अलीबाग से लौटते समय स्पॉट किया गया है। खबरों के अनुसार रिया चक्रवर्ती को हाल ही में अभिनेता साबिक सलीम के साथ स्पॉट किया गया है। बता दें कि साकिब सलीम जल्द ही फिल्म 83 में नजर आने वाले है। जिसमे वो अहम रोल निभा रहे है। 83 अभिनेता साबिक सलीम और रिया चक्रवर्ती को अलीबाग में एक साथ स्पॉट किया गया है। ऐसे में खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि, ये दोनों एक साथ पार्टी करते हुए नजर आए थे। साकिब सलीम का जन्मदिन था ऐसे में उन्होंने पार्टी की थी। जिसमे रिया चक्रवर्ती भी शामिल हुई थी। दोनों एक साथ पार्टी करते हुए नजर आए थे।इस दौरान दोनों ही कलाकार कैजुअल लुक में दिखाई दिए थे। वहीं अगर हम बात करें अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती की तो वो इस दौरान जींस और टी-शर्ट पहनी हुई थी। इसी के साथ उन्होंने एक बैग भी कैरी किया हुआ था। अगर बात करें अभिनेता साकिब सलीम की तो वो भी शर्ट और पैंट में नजर आए थे। इन दोनों को ही मीडिया के कैमरे में कैद कर लिया गया था।

विवाह फिल्म में 'छोटी' का किरदार निभाने वाली अमृता प्रकाश का कातिलाना अंदाज आया सामने

बॉलीवुड फिल्म विवाह की छोटी अब एक नए ग्लैमरस लुक में नजर आ रही हैं। फिल्म 'विवाह' बॉक्स-ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। इस फिल्म में शहीद कपूर के साथ 'छोटी' के किरदार के रूप में काम किया था। उन्होंने इस फिल्म की एक्ट्रेस अमृता राव की छोटी बहन के रूप में अपने अभिनय की अद्भुत छाप छोड़ी थी। अब इस फिल्म को बने करीब 15 साल बीत चुके है इन पंद्रह सालों में अमृता प्रकाश में काफी बदलाव आ गया है। वह अब काफी खूबसूरत और हॉट नजर आने लगी है। इन तस्वीरों को देख आप भी अंदाजा नहीं लगा पायेंगे कि यह वहीं 'छोटी' है, जो उस समय कुछ अलग सी नजर रही थी। अमृता प्रकाश ने फिल्मों में बचपन से ही काम करना शुरू कर दिया था बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ अमृता ने कई टीवी शोज और मलयालम फिल्मों में भी काम किया है. अमृता प्रकाश ने बॉलीवुड में फिल्म तुम बिन से अपने करियर की शुरुआत की थी और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी।

आपकी सेहत और सौंदर्य के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं कच्चा नारिय, जानिए फायदे

नारियल का इस्तेमाल पूजा से लेकर खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए किया जाता हैं। सेहत और सौंदर्य दोनों ही रूप में नारियल का इस्तेमाल किया जाता है। आपने अधिकतर नारियल के गुणों के बारे में सुना होगा। जहां बालों की ग्रोथ और उन्हें हेल्दी रखने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल किया जाता है, वहीं त्वचा में चमक लाने के लिए भी इसका खूब उपयोग किया जाता है। लेकिन क्या आपने कच्चे नारियल के फायदो के बारे में सुना है अगर नहीं तो जरूर जानें क्योंकि नारियल पोषक तत्वों का खजाना है। जो आपकी सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। कच्चा नारियल खाने के फायदे.. यदि आप पेट संबंधी परेशानी से जूझ रहे है, तो कच्चा नारियल के सेवन से आपको पेट की समस्या से राहत मिल सकती है। यदि आप कच्चा नारियल का सेवन करते है, तो कब्ज की समस्या आपको परेशान नहीं करेगी। यदि ड्राई स्किन से परेशान है, तो आपको कच्चा नारियल खाना चाहिए। इसके सेवन से आपकी स्किन सुंदर बनी रहेगी। कच्चे नारियल में मौजूद वसा आपकी त्वचा को पोषण देती हैं, इसे हाइड्रेटेड कर कोमल बनाएं रखने में मदद करती हैं। त्वचा में रूखेपन को खत्म कर मुलायम, सॉफ्ट स्किन बनी रहती है। बढ़ते वजन से परेशान है, तो कच्चा नारियल खाने से आप अपने वजन को नियंत्रित कर सकते हैं, क्योंकि ये क्रेविंग को कंट्रोल करने में मदद करता है।

कब्ज की समस्या में पेट अच्छी तरह साफ करने में बेहद फायदेमंद हैं ये जूस

अच्छी सेहत का सीधा कनेक्शन आपके दुरुस्त पाचन तंत्र से जुड़ा हुआ है। जिस दिन इसमें दिक्कत होती है आपने महसूस किया होगा उस दिन पेट भारी-भारी सा लगता है, कुछ भी खाने का दिल नहीं करता और अजीब सी बेचैनी बनी रहती है। हफ्ते में दो से तीन बार

शौच जाना और मल त्याग करते वक्त दर्द और खून आना कब्ज के लक्षण हैं जिसे बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इस समस्या के संबंध में डॉक्टर हमेशा आपको भरपूर मात्रा में पानी पीना और फाइबर रिच फूड लेने की सलाह देंगे तो काफी हद तक फायदा पहुंचाता है लेकिन इस प्रॉब्लम को दूर करने के लिए जूस भी पी सकते हैं। नॉर्मल पैक्ड जूस नहीं बल्कि ताजा फलों वाले जूस का सेवन करें। तो कौन से जूस कब्ज की समस्या से दिलाएंगे राहत, जानेंगे इनके बारे में.....

सेब जूस: विटामिन्स, मिनरल्स, फाइबर, एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल से भरपूर सेब का फल और जूस दोनों ही सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। जिसके सेवन से कब्ज की समस्या दूर होती है। शरीर में पानी की कमी दूर होने के साथ चेहरे पर एक अलग ही चमक नजर आती है।

नाशपाती का जूस: कब्ज में फाइबर से भरपूर नाशपाती का सेवन डाइजेस्टिव सिस्टम को दुरुस्त रखता है। इसके साथ ही इसमें मौजूद पैक्टिन नामक तत्व कब्ज की परेशानी से राहत दिलाता है। नाशपाती के जूस में नींबू का रस मिलाकर पीने से इसकी फायदा और ज्यादा बढ़ जाता है। पेट अच्छी तरह साफ हो जाता है और इम्यूनिटी भी बढ़ती है। जिससे कई तरह के इंफेक्शन की संभावनाएं काफी हद तक कम हो जाती हैं।

संतरे का जूस: विटामिन सी से भरपूर संतरे में फाइबर व एंटी-ऑक्सीडेंट जैसे तत्व शामिल होते हैं। जिसे पीने से पानी की कमी तो दूर होती ही है साथ ही पाचन तंत्र भी मजबूत होता है।

चुनाव परिणाम चौकान्नें वाले रहे!

डॉ. भरत मिश्र प्राची

देश में गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड, पंजाब एवं उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आ गये जिसपर नजर पूरे देश की टिकी हुई थी। इस चुनाव में जहां सत्ता परिवर्तन के आसार नजर आ रहे थे वहें चुनाव परिणाम उपरान्त जो परिवेश उभर कर सामने आये, इस बात के संकेत साफ - साफ दे रहे है कि अभी भी आम जन में भाजपा के वरिश्ठ नेता नरेन्द्र मोदी का वर्चस्व प्रभावी है जिसके चलते पांच राज्यों में से जार राज्य गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड एवं उत्तरप्रदेश में भाजपा की सरकार पुर्ण बहुमत से बनने जा रही है। जब कि देश में हुये किसान आंदोलन एवं बढ़ती महगाई के चलते चुनाव उपरान्त सत्ता परिवर्तन के आसार नजर आ रहे थे। सत्ता परिवर्तन की स्थिति चुनाव में उभर कर सामने जो आई वह भाजपा शासित राज्यों में न होकर कांग्रेस शासित राज्य पंजाब में उभरकर सामने आई। जहां आप की सरकार बहुमत से बनने जा रही है। शांति पूर्ण सम्पन्न हुये चुनाव परिणाम चौकान्ने वाले ही हुये। इस तरह के अनुमान भाजपा को भी नहीं था। चुनाव परिणाम को लेकर अपने अपने तरीके से मीडिया जगत का आंकलन भी फेल हो गया। इस बार के विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों ने आम जनता को अपने पक्ष में कर सत्ता तक पहुंचने के प्रयास में अपने चुनावी घोषणा पत्र में अनेक लुभावने वायदें कर रखे। जिसके आधार पर सत्ता की दौड़ में एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी रही। पर आम जनता पर इनकी लुभावनी घोषणाओं का असर पड़ता नजर नहीं आया। इस चुनाव में एक दूसरे पर हावी होने के प्रयास में गड़े मुर्दे उखाड़ने, साम्प्रदायेक सदभाव बिगाडने सहित अनेक प्रकार के राजनीतिक हथकडे भी अपनायें गये। सभी राजनीतिक दलों ने राजनीतिक अपराधी को भी टिकट देकर पूर्व की भाँति चुनाव में उतारा है। इस तरह के हालात कां इन राज्यों की आवाम पर कोई प्रभाव नजर नहीं दिखाई दिया। इस चुनाव में पूर्व जैसे जनमत के आकड़े उसके पक्ष में नजर नहीं आने पर भी उत्तर प्रदेश सहित गोवा, मणिपुर एवं उत्तराखंड में फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है । इस चुनाव में सबसे ज्यादा नुकसान बीएसपी एवं कांग्रेस को हुआ । पंजाब से कांग्रेस की सत्ता तो गई हीं, उत्तर प्रदेश से बिल्कुल कांग्रेस एवं बसपा बिल्कुल साफ हो गई। एक समय यहीं स्थिति राजनीतिक में आज की सर्वाधिक सीट पाने वाली भाजपा के साथ भी नजर आई जहां उसे लोकसभा चुनाव में पूरे देष में मात्र दो सीट से संतोश करना पड़ा। वर्तमान में भाजपा देष के हर भाग में अपना गप फैलाती नजर आ रही है वहीं कांग्रेस सिमटती जा रही है। उत्तर प्रदेश में सपा को राजनीतिक लाभ तो मिला पर सत्ता दूर रही। इस चुनाव में आप का भविष्य उज्जवल नजर आया जहां वह आज अपने बलबुते पर पंजाब में सरकार बनाने जा रही है।

लैंगिक समानता बनाम सामाजिक संतुलन

डॉ. शंकर सुवन सिंह

महिला शब्द नारी को गरिमामयी बनाता है। महिला शब्द नारी के आदर भाव को प्रकट करता है। स्त्री शब्द नारी के सामान्य पक्ष को प्रदर्शित करता है। नर का स्त्रीलिंग ही नारी कहलाता है। नारी शब्द का प्रयोग मुख्यतः वयस्क स्त्रियों के लिए किया जाता है। नारी शब्द का प्रयोग संपूर्ण स्त्री वर्ग को दर्शाने के लिए भी किया जाता है। औरत एक अरबी शब्द है,। औरत शब्द 'औराह' धातु से बनी है। जिसका अर्थ शरीर को ढंकना होता है। अरबी मजहब में औरत की यही परिभाषा है। स्त्री, प्रकृति सूचक है। यह स्वभाव वाचक शब्द है। नारी, देवत्व सूचक है। यह गुणवाचक शब्द है। महिला, सामाजिक प्रस्थिति सूचक है। यह अधिकार वाचक शब्द है। औरत, मजहबी सूचक है। यह उपभोग बोधक शब्द है। मादा (फीमेल), जैविक सूचक है। यह प्रजनन बोधक शब्द है। वूमेन,पराधीनता सूचक है अर्थात (किसी व्यक्ति की पत्नी) वाइफ ऑफ़ मैन। यह पराधीन बोधक शब्द है। अतः महिलाओं के लिए शब्द चयन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कहने का तात्पर्य यह है कि भारतीय स्त्रियां भी अपने लिए सही शब्द का चयन करें/करवाएं। क्योंकि स्त्रियों की सोच और उनकी अभिव्यक्ति ही उनके व्यक्तित्व का दर्पण होती है। किसी भी राष्ट्र के विकास का स्थाई भविष्य उसके लैंगिक समानता से तय होता है। लैंगिक समानता राष्ट्र के विकास को गति प्रदान करता है। कहावत है कि हर एक सिक्के के दो पहलु होते हैं। इनमे से किसी एक पहलु को हटा दें तो सिक्के का कोई अस्तित्व नहीं रह जाता। कहने का तात्पर्य - नर और नारी एक ही सिक्के के दो पहलु हैं। नर और नारी के अस्तित्व से समाज है। इनमे से किसी एक के साथ दुर्व्यवहार होगा तो समाज में असंतुलन की स्थिति पैदा होगी। जिससे समाज का अस्तित्व खतरे में आ जाएगा। राष्ट्र के विकास के लिए समाज में लैंगिक समानता का होना बहुत जरूरी है। महिला और पुरुष समाज के मूलाधार हैं। अतएव लैंगिक समानता रूपी नींव पर राष्ट्र के विकास रूपी इमारत का निर्माण किया जा सकता है। अभी भी भारत में लिंग आधारित भेदभाव कार्य कर रहा है। जन्म से लेकर मौत तक, शिक्षा से लेकर रोजगार तक, हर जगह पर लैंगिक भेदभाव साफ साफ नजर आ जाता है। इस भेदभाव को कायम रखने में सामाजिक और राजनीतिक पहलू बहुत बड़ी भूमिका निभाते है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 की थीम/प्रसंग - %जेंडर इक्वालिटी टुडे फॉर ए सस्टेनेबल टुमारो% (एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता) है। सेंटर फॉर जेंडर इक्वलिटी एंड इनक्लूसिव लीडरशिप की चेयरपर्सन अलका रजा का लक्ष्य है - महिला सशक्तिकरण, शांति और सुरक्षा के लिए मौजूदा चुनौतियों और बाधाओं को कवर करना। संयुक्त राष्ट्र सचिवालय न्यूयॉर्क में अब तक की सबसे कम उम्र की पेशेवर महिला के रूप में नियुक्त होने का गौरव लिसेलोटे वाल्डहाइम नेचुरल को मिला है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान महिलाओं व पुरुषों के लिंगानुपात को ठीक करने के साथ महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बड़ी पहल की थी। वर्ल्ड इकनोमिक फोरम द्वारा वर्ष 2021 के ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स की बात करें तो भारत 156 देशों की सूची में 140 नंबर पर आता हैं। इस रैंक से साबित होता है कि आज भी हमारे देश में लैंगिक भेदभाव की जड़ें गहरी हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक ऐसा शब्द है, जिसका इस्तेमाल समाज में महिलाओं के खिलाफ होने वाले और मुख्य रूप से हिंसात्मक कार्यों के सभी रूपों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा आमतौर पर लिंग आधारित होती है। लैंगिक समानता लाकर लिंग आधारित असमानताओं को समाज से दूर किया जा सकता है। लैंगिक समानता का उद्देश्य पुरुषों और महिलाओं के बीच सभी सीमाओं और मतभेदों को दूर करना है। यह पुरुष और महिला के बीच किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करता है। लिंग समानता पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित करती है, चाहे वह घर पर हो या शैक्षणिक संस्थानों में या कार्यस्थलों पर। लैंगिक समानता राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक समानता की गारंटी देती है। भारत में लैंगिक समानता के आधार पर महिलाओं को मिले 11 अधिकार इस प्रकार हैं- 1- समान मेहनतानां का अधिकारः इक्वल रिम्यूनरेशन एक्ट में दर्ज प्रावधानों के मुताबिक सैलरी के मामलों में लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते हैं। किसी कामकाजी महिला को पुरुष के बराबर सैलरी लेने का अधिकार है। 2- गरिमा और शालीनता का अधिकारः महिला को गरिमा और शालीनता से जीने का अधिकार मिला है। किसी मामले में अगर महिला आरोपी है, उसके साथ कोई मेडिकल परीक्षण हो रहा है तो यह काम किसी दूसरी महिला की मौजूदगी में ही होना चाहिए। 3- कार्यस्थल पर उत्पीड़न से सुरक्षाः भारतीय कानून के मुताबिक अगर किसी महिला के खिलाफ दफ्तर में शारीरिक उत्पीड़न या यौन उत्पीड़न होता है, तो उसे शिकायत दर्ज करने का अधिकार है। इस कानून के तहत, महिला 3 महीने की अवधि के भीतर ब्रांच ऑफिस में इंटरनल कंप्लेंट कमेटी (आई सी सी) को लिखित शिकायत दे सकती है। 4 -घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकारः भारतीय संविधान की धारा 498 के अंतर्गत पत्नी, महिला लिव-इन पार्टनर या किसी घर में रहने वाली महिला को घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार मिला है। पति, मेल लिव इन पार्टनर या रिश्तेदार अपने परिवार के महिलाओं के खिलाफ जुबानी, आर्थिक, जज्बाती या यौन हिंसा नहीं कर सकते। आरोपी को 3 साल गैर-जमानती कारावास की सजा हो सकती है या जुर्माना भरना पड़ सकता है। 5 - पहचान जाहिर नहीं करने का अधिकारः किसी महिला की निजता की सुरक्षा का अधिकार हमारे कानून में दर्ज है। अगर कोई महिला यौन उत्पीड़न का शिकार हुई है तो वह अकेले डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करा सकती है। किसी महिला पुलिस अधिकारी की मौजूदगी में बयान दे सकती है। 6- मुफ्त कानूनी मदद का अधिकारः लीगल सर्विसेज अथॉरिटीज एक्ट के मुताबिक बलात्कार की शिकार महिला को मुफ्त कानूनी सलाह पाने का अधिकार है. लीगल सर्विस अथॉरिटी की तरफ से किसी महिला का इंतजाम किया जाता है। 7- रात में महिला को नहीं कर सकते गिरफ्तारः किसी महिला आरोपी को सूर्यास्त के बाद या सूर्योदय से पहले गिरफ्तार नहीं कर सकते। अपवाद में फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट के आदेश को रखा गया है। कानून यह भी कहता है कि किसी से अगर उसके घर में पूछताछ कर रहे हैं तो यह काम महिला कांस्टेबल या परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में होना चाहिए। 8- वर्चुअल शिकायत दर्ज करने का अधिकारः कोई भी महिला वर्चुअल तरीके से अपनी शिकायत दर्ज कर सकती है. इसमें वह ईमेल का सहारा ले सकती है। महिला चाहे तो रजिस्टर्ड पोस्टल एड्रेस के साथ पुलिस थाने में चिट्ठी के जरिये अपनी शिकायत भेज सकती है। इसके बाद एसएचओ महिला के घर पर किसी कांस्टेबल को भेजेगा जो बयान दर्ज करेगा। 9-अशोभनीय भाषा का नहीं कर सकते इस्तेमालः किसी महिला (उसके रूप या शरीर के किसी अंग) को किसी भी तरह से अशोभनीय, अपमानजनक, या सार्वजनिक नैतिकता या नैतिकता को भ्रष्ट करने वाले रूप में प्रदर्शित नहीं कर सकते. ऐसा करना एक दंडनीय अपराध है। 10- महिला का पीछा नहीं कर सकतेः आईपीसी की धारा 354 डी के तहत वैसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी जो किसी महिला का पीछे करे।

इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुनः धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है। सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा। सच्चे संत भिखारी कहलाएंगे और अपमानित होंगे। कथावाचक और झूठे संत ऊंचे आसन पर विराजमान होंगे। तुलसीदास जी ने भी कलियुग के इस रूप का वर्णन किया है। त्रेतायुग में रावण ने सीता का हरण किया लेकिन उनकी मर्जी के बिना उन्हें अपनाना पाप समझा। इस युग में छोटा भाई बड़े भाई के प्रति आज्ञाकारी था। बड़ा भाई अपने स्वार्थ के लिए छोटे भाई के साथ छल नहीं करता था।

तबाह यूक्रेन और महाविनाश की नई आहट!

ऋतुपर्ण दवे

यूक्रेन-रूस युध्द को दूसरा सप्ताह बीतने पर है, कितने दिन और बीतेंगे कोई नहीं जानता। बेशक यूक्रेन हर रोज तबाह हो रहा है लेकिन युध्द के मैदान में डटे रहना जेलेंस्की का नेतृत्व और उससे भी बढ़कर वहाँ के नागरिकों का देशप्रेम बताता है। यह बात अलग है कि यदि यूक्रेन पराजित हुआ तो वापस खड़े होने में लंबा वक्त लगेगा और जीता तो भी यही होना है। हर हाल में युध्द की विभीषिका की सबसे बड़ी कीमत सिर्फ और सिर्फ यूक्रेन को ही चुकानी पड़ेगी।

भले ही शुरू में दुनिया को लगा हो कि युध्द कुछ घण्टों का होगा और दुनिया के नक्शे से एक लोकतांत्रिक देश सिमट जाएगा? मगर ऐसा नहीं हुआ। हर सुबह युध्द की नई विभीषिका रात की तबाही का मंजर दुनिया को दिखाती, बताती और कल के दावे का कयास लगाती। लंबा वक्त बीत रहा है, कल क्या होगा कोई नहीं जानता। महाशक्ति को चुनौती देना कोई साधारण बात नहीं। लेकिन रूस का भी इसे लेकर आंकलन गलत निकला। रूस का यूक्रेन की चुनौती का सामना कोई रणनीति तो नहीं लगती बल्कि दुनिया के सामने खुद को लजाने जैसा है। सबको पता है कि पुतिन का सपना एक बार फिर टूटे हुए सोवियत संघ को वापस बनाना है। लेकिन यूक्रेन का भी किसी देश के बुनियादी उसूलों की भाँति स्वतंत्रता, स्वायत्तता, संप्रभुता को बरकरार रखने की मंशा भी तो बुरी नहीं कही जा सकती..!

इसे कोई गलती कहे या कोई यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की की अपने देशवासियों की भावनाओं का सम्मान लेकिन उन्होंने नाटो पर भरोसा करके यूक्रेन की भलाई का वो सपना देखा था जो रूस के साथ सच नहीं हो पाता। अब जेलेंस्की की ये उम्मीदें कितनी खरी और कितनी खोटी निकलीं आईने की तरह साफ है। यूक्रेन की तबाही और मानवाधिकार उलंघनों की त्रासद और पल-पल आती तस्वीरों ने दुनिया को झकझोर जरूर दिया है। न रूस मान रहा है और न ही यूक्रेन झुकता दिखता रहा है। विडंबना देखिए वो दो देश आपस में दुश्मन हो गए जिनका रोटी-बेटी का रिश्ता है। हर तीसरा व्यक्ति एक दूसरे की भाषा बोलता, जानता तथा रिश्तेदार भी है। कभी रूस को बनाने में अहम रहा यूक्रेन आज खुद को उसी से हथियाए जाने से डरा हुआ है। सच तो यह है कि यह लड़ाई यूरोपीय लोकतांत्रिक बनाम कथित निरंकुश देश की है। अमेरिका और नाटो के तमाम प्रतिबंधों के बावजूद रूस की सेहत पर किसी भी प्रकार का कोई फर्क नहीं दिखना उसकी अड़ी बताता है। पुतिन की वैश्विक छवि के लिए यह बेहद खतरनाक हो सकता है लेकिन रूस की सेहत पर कुछ फर्क पड़ेगा लगता नहीं।

फोर्ब्स मैगजीन में दुनिया के सबसे शक्तिशाली लोगों में लगातार कई बार शुमार रहे पुतिन को ऐसा क्या हो गया जो वो एक अड़ियल रुख अपना रहे हैं? 16 साल तक सोवियत संघ की गुप्तचर संस्था केजीबी में अधिकारी के रूप में सेवा दे चुके पुतिन ने 2000 और फिर 2004 का राष्ट्रपति चुनाव जीता। 2008 में प्रधानमंत्री बने फिर अपने मुताबिक संविधान संशोधन को कानून बनवाकर 6-6 वर्ष के कार्यकाल के लिए 2012 और 2018 में फिर राष्ट्रपति बने और इस तरह 2036 यानी 86 वर्ष की उम्र तक के लिए रास्ता साफ करा लिया।

वहीं जेलेंस्की जो टीवी सेलेब्रिटी स्टार रहे हैं अप्रेल 2019 में ही यूक्रेन के राष्ट्रपति बने। नाटो में शामिल होने की कवायद के चलते रूस से दूरियां बढ़ती रहीं। रूसी की लगातार धमकी, सैन्याभास से बेफिक्री और अलगाववादियों को समर्थन के चलते मौजूदा हालात सामने हैं। युध्द के दौरान भी बेहतरीन अदाकार जैसे अपने भावुक भाषणों से देश की जनता के हाथों में हथियार पकड़ा पूरी दुनिया को जेलेंस्की ने जहाँ प्रभावित किया वहीं रूस के विरुध्द जबरदस्त माहौल जरूर बना दिया। चंद घण्टों की लड़ाई का मंसूबा पाले महाशक्ति के सामने चुनौती ने वैश्विक अनिश्चितता ला खड़ी की है। निश्चित रूप से यूक्रेन की तबाही आज उस मोड़ पर आ खड़ी हुई है जहाँ मानवाधिकारों के हनन और तमाम शहरों के विध्वंश के चलते दुनिया भर में यूक्रेन के प्रति सहानुभूति उमड़ी और देखते ही देखते संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र महासभा आदि की बैठक में व्यापक समर्थन मिलना एक अलग संकेत है।

अखिलेश पर भारी योगी

सूडोकु नवताल- 6008

★★★★☆ कठिन

	8	5						
3								
			6			7	4	
6			2		4			
1								8
			7		5			3
	4	7			1			
								6
						5	2	

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -6007 का हल

4	3	9	2	6	8	5	1	7
8	1	6	7	4	5	9	2	3
7	5	2	3	9	1	6	4	8
1	7	5	4	2	6	8	3	9
6	4	3	8	5	9	2	7	1
2	9	8	1	7	3	4	5	6
5	2	1	6	8	7	3	9	4
9	8	7	5	3	4	1	6	2
3	6	4	9	1	2	7	8	5

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सिद्धार्थ शंकर

उत्तर प्रदेश की पूरी सियासी तस्वीर साफ हो चुकी है। कुछ सीटों के नुकसान के साथ भाजपा दोबारा सरकार बनाने जा रही है। उत्तर प्रदेश में करीब 37 साल बाद ऐसा हो रहा है, जब कोई सरकार फिर से पूर्ण बहुमत के साथ रिपीट हो रही है। यूपी में 2017 और 2022 में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बना रही है। इससे पहले ऐसा साल 1980, 1985 में हुआ था जब कोई सरकार पूर्ण बहुमत के साथ रिपीट हुई थी। तब कांग्रेस ने साल 1980 में 309, 1985 में 269 सीटों के साथ सरकार में आई थी। उत्तर प्रदेश में छह महीने पहले एकतरफा मुकाबला था। मतलब सियासी गलियारे में यह चर्चा थी कि योगी आदित्यनाथ फिर से चुनाव जीत जाएंगे। लेकिन देखते ही देखते पूरा खेल बदल गया। चुनाव नजदीक आते ही भाजपा के खिलाफ माहौल बन बया। एक के बाद एक योगी के तीन मंत्रियों समेत 11 विधायकों ने पार्टी छोड़ दी। सभी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। यहीं से समाजवादी पार्टी ने अपने पक्ष में माहौल बना लिया। यहां तक कहा जाने लगा था कि इस बार भाजपा चुनाव हार सकती है। मगर अब जब परिणाम आए तो अखिलेश यादव पर योगी आदित्यनाथ भारी पड़ गए। ऐसे कई मुद्दे रहे, जो भाजपा को दोबारा सत्ता में लाने में कामयाब रहे। सस्ती बिजली, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का वादा, शिक्षामित्रों को फिर से सहायक अध्यापक बनाने और पुरानी पेंशन लागू करने जैसे बड़े चुनावी घोषणाएं भी योगी सरकार की कानून व्यवस्था के आगे फेल हो गए। योगी आदित्यनाथ लोगों को यह समझाने में कामयाब हुए कि कानून व्यवस्था बेहतर रही तो प्रदेश का विकास तेजी से होगा। यही नहीं, चुनावी दौर में सपा नेताओं के आए विवादित वीडियो भी अखिलेश के खिलाफ चले गए। अखिलेश ने जितना माहौल बनाया था, वो सब पीछे हो गए। महिलाओं ने अखिलेश के किसी भी वादे की बजाय योगी के कानून व्यवस्था पर भरोसा जताया। पिछले कुछ चुनावों में भाजपा की सबसे बड़ी ताकत महिलाएं बनकर उभरी हैं। पीएम आवास योजना से लेकर उज्जवला गैस योजना और बिजली योजना तक सब ने महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया। महिलाओं ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी योगी आदित्यनाथ का साथ दिया। चुनाव के नतीजे साफ बताते हैं कि मुस्लिम महिलाओं ने भी भाजपा सरकार को वोट दिया है। कोरोना काल में तीन साल से भाजपा की सरकार हर गरीब तक मुफ्त राशन पहुंचा रही थी। गांव-गांव में लोगों ने इसकी तारीफ की। पीएम मोदी और सीएम योगी अपनी रैलियों में भी इसका जिक्र हमेशा करते थे। इसका फायदा भी भाजपा को मिला।

पीएम किसान सम्मान योजना के तहत हर साल छोटे किसानों को छह हजार रुपए दिए जाते हैं। ये रकम सीधे किसानों के खाते में जाती है। गांव-गांव में किसान इसकी तारीफ भी करते हैं। इसके अलावा आवास योजना और शौचालय के लिए भी गरीब व मध्य वर्ग के लोगों को अच्छी खासी रकम दी जाती है। खुले मंच से लोग इसकी तारीफ करते हैं। चुनाव में भाजपा के लिए ये योजनाएं काफी मददगार साबित हुईं। करीब 70 फीसदी दलित वोटर्स बहुजन समाज पार्टी से शिफ्ट होकर भाजपा की तरफ आ चुके हैं। समाजवादी पार्टी ने काफी कोशिशें कीं, लेकिन दलित मतदाताओं का भरोसा नहीं जुटा पाई। ऐसा इसलिए क्योंकि जब सपा की सरकार थी, तब सबसे ज्यादा दलितों पर अत्याचार के मामले सामने आए थे। इसलिए बसपा के बाद दलित वोटर्स का अगर किसी पार्टी पर भरोसा बन पाया है तो वह भाजपा है।

विपक्ष कैसे बने दमदार?

वेदप्रताप वैदिक

इन पांच राज्यों के चुनाव में विपक्ष को इतनी तगड़ी मार लगी है कि कुछ दिनों तक उसके होश-हवाश गुम रहें तो कोई आश्चर्य नहीं है। आज के दिन विपक्ष के पास न तो ऐसी कोई पार्टी या गठबंधन है, जो भाजपा को अखिल भारतीय स्तर पर चुनौती दे सके। विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता भी नहीं है, जो मोदी का मुकाबला कर सके। 2024 में मोदी और भाजपा का तिबारा लौटना साफ-साफ दिखाई पड़ रहा है बशर्ते कि वह आपात्काल जैसी कोई भयंकर भूल न कर दे। वह ऐसी भूल यदि कर भी दे तो विपक्ष के पास जयप्रकाश नारायण की तरह कोई ऐसा अनासक्त शीर्ष पुरुष भी नहीं है, जो सारे विरोधी दलों को एक मंच पर ला सके। ऐसी स्थिति पर आम लोगों और खास तौर से भाजपा के करोड़ों सदस्यों की यह प्रतिक्रिया हो सकती है कि भारत की राजनीति पर मोदी और भाजपा का एकछत्र वर्चस्व देश के लिए बहुत लाभप्रद हो सकता है। कमजोर विपक्ष के फिजूल विरोध की परवाह किए बिना भाजपा अपने लोक-कल्याणकारी अभियान को काफी आगे बढ़ा सकती है। यह सोच वैसे तो ऊपरी तौर पर ठीक ही लगता है लेकिन लोकतंत्र की रेल हमेशा दो पटरियों पर चलती है। यदि एक पटरी बेहद कमजोर हो जाए या न हो तो रेल के उलटने का डर बना रहता है, जैसा कि 1975 हो गया था। यदि किसान आंदोलन की तरह कोई बड़ा जन-आंदोलन खड़ा हो गया तो वही नौबत अब भी आ सकती है। भाजपा की रेल पटरी पर चलती रहे और हमारा लोकतंत्र भी लकवाग्रस्त न हो जाए, इसके लिए जरुरी है कि अब देश में सशक्त विपक्ष का निर्माण हो। इस संभावना को क्रियान्वित करने के लिए अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी को पहल करनी होगी। यदि ये तीनों जुड़ सकें तो महाराष्ट्र, पंजाब, झारखंड, बिहार, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, कश्मीर आदि की प्रांतीय पार्टियों के नेता भी इनसे जुड़ सकते हैं। समस्त गैर-भाजपा पार्टियों के वोट मिलकर आज भी देश में भाजपा से कई गुना ज्यादा हैं। 2019 के चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से भाजपा को लगभग सिर्फ 23 करोड़ वोट मिले थे। शेष 68 करोड़ मतदाताओं को अपनी तरफ खींचने की क्षमता इस समय देश के किसी नेता या पार्टी में नहीं है। यदि वे कोई महागठबंधन बना लें तो उसका भी सफल होना संभव नहीं है, क्योंकि इस गठबंधन के पास चुनाव लड़ने के लिए कोई जबर्दस्त मुद्दा नहीं है। हां, यदि सारे विपक्षी दल मिल जाएं तो शायद कांग्रेस की शेखी थोड़ी घट जाए।

385 करोड़ खाकर भी प्रदेश सरकार को धमका रहा है अडानी: माकपा

भोपाल। प्रदेश की भाजपा सरकार अडानी के 385 करोड़ रुपए माफ करने जा रही है। मगर अडानी इन्हें माफ करवाने के लिए शिवराज सिंह चौहान सरकार को धमका भी रहा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने उक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि जून 2006 में सिंगरौली जिले के बंधौरा गांव में एस्सार कंपनी ने जल विद्युत परियोजना की शुरुआत की थी। 2013 में उसकी इकाई ने उत्पादन करना भी शुरू कर दिया था। तब कंपनी ने प्रदेश के जल संसाधन विभाग के साथ 71.54 मिलियन घन मीटर पानी वार्षिक देने का अनुबंध किया था। यह पानी रिहन्द जलाशय से दिया जाता है। मगर जुलाई 2016 में पानी की मात्रा घटाकर 46.87 मिलियन घन मीटर करने का अनुरोध किया। दिसंबर 2021 में कंपनी की वित्तीय स्थिति खराब होने के चलते नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल से कंपनी को दिवालिया घोषित करवाकर नवंबर 21 में अडानी ग्रुप को बेच दिया। इसमें कहीं भी जल संसाधन विभाग को पानी के दिए जाने वाले 384.58 करोड़ बकाए का जिक्र नहीं है।

माकपा राज्य सचिव ने कहा है कि अडानी ग्रुप अभी भी 26 मिलियन घनमीटर पानी बिना अनुबंध के ले रहा है। अडानी ग्रुप की सीनाजोरी की हालत यह है कि वह सरकार और जल संसाधन विभाग को धमका रहा है कि 26 मिलियन घन मीटर पानी का अनुबंध भी तभी किया जाएगा, अगर जल संसाधन विभाग पहले 385 करोड़ रुपए माफ करेगा। सत्ता के संरक्षण में अडानी ने जल संसाधन विभाग को उक्त भुगतान के लिए अदालत में न जाने की नसीहत देते हुए कहा है कि यदि जल संसाधन विभाग अदालत जाता है तो अडानी ग्रुप अदालत के निर्णय को स्वीकार नहीं करेगा। जसविंदर सिंह ने कहा है कि जल संसाधन विभाग ने भी अडानी ग्रुप के आगे झुकते हुए कहा है कि यदि कंपनी एनसीएलटी के निर्णय का हवाला देकर आवेदन करेगी तो 385 करोड़ रुपए माफ करने का प्रस्ताव मंत्रिमंडल को भेज दिया जाएगा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा है कि जब आम जनता से पानी और बिजली के फर्जी और जबरिया बिल वसूले जा रहे हैं। उनकी कुर्कियां की जा रही हैं, तब हर घंटे 120 करोड़ रुपए की कमाई वाले कॉरपोरेट घराने से वसूली को माफ कर देना एक बार फिर साबित करेगा कि यह शिवराज जनता की नहीं अंबानी अडानी की सरकार है। माकपा ने जनता के इस राशि को तुरंत वसूलने की मांग की है।

नगर को स्वच्छ बनाने में करें सहयोग: आयुक्त

सदर बाजार एसोसिएशन एवं लायंस क्लब सेंट्रल ने सदर बाजार में किया डस्टबिन वितरण कार्यक्रम

मुरैना। सदर बाजार एसोसिएशन एवं लायंस क्लब सेंट्रल मुरैना ने सदर बाजार मैं डस्टबिन वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त संजीव जैन ने बाजार में साफ-सफाई एवं डस्टबिन देते हुए प्रत्येक दुकानदार को एक के बदले चार डस्टबिन बांटने का संदेश दिया। श्री जैन ने कहा कि दुकानदार अपने आसपास गंदगी ना फैलाएं, जिससे नगर की जनता स्वच्छता की प्रति जागरूक हो। इसी क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह ने बाजार में यातायात एवं पार्किंग में वाहन लगाने के लिए दुकानदार एवं आम जनता को संदेश दिया। डस्टबिन वितण के दौरान नगर निगम कमिश्नर संजीव जैन, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, व्यवसाई महासंघ के संरक्षक रविंद्र मोहन महेश्वरी, नगर निगम ब्रांड एंबेसडर शिल्पी जैन, ललित शर्मा, लायंस क्लब से रीजन चेयरमैन रीजन डायमंड से राजेश बांदिल, अध्यक्ष तिजेंद्र खेड़ा, सचिव प्रेरणा परमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, नवल अग्रवाल, गिर्राज अर्गल, अनिल, संदीप वर्मा शामिल हुए। इसके अलावा सदर बाजार से अशोक गोयल, पंकज खत्री, मुकेश चावला, महेश मांडिल, अमित कोठारी, जतिन नागपाल शामिल हुए।

नगर परिषद झुंडपुरा ने स्वछता फीडबैक देने के लिए जारी किया क्यूआर कोड

मुरैना। नगर परिषद झुंडपुरा द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिए आमजन के सहयोग से मिलकर नगर को स्वच्छ बनाने हेतु भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी एके बंसल द्वारा शहर की स्वच्छता पर आम जनता का सकारात्मक फीडबैक प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड जारी किया है और लोगों से अपील की है कि वह क्यूआर कोड को स्कैन कर उसमें दर्ज 10 प्रश्नों के जवाब हां और ना में भरकर भेजें। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता पर जनता का सकारात्मक फीडबैक प्रदेश और शहर को सम्मान दिलाएगा। श्री बंसल ने बताया कि इस ऐप पर 10 प्रश्न दिए गए हैं जिसमें इन प्रश्नों के जवाब हां या ना में ऐप पर देना है, जिससे नगर को स्वच्छता रैंकिंग में अब्बल नंबर मिल सके।

ये हैं जारी 10 प्रश्न

- क्या आपके घर से प्रतिदिन कचरा संग्रहण किया जाता है।
- आपके द्वारा कचरा संग्राहक को सूखा एवं गीला कचरा अलग करके देते हैं।
- क्या आप जानते हैं कि आपके नजदीक स्वच्छ शौचालय सर्च करने के लिए आप गूगल टॉयलेट लोकेटर का प्रयोग कर सकते हैं।
- क्या आपने स्वच्छता संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु स्वच्छता ऐप य कोई अन्य ऐप डाउनलोड किया है।
- क्या आप अपना आस-पड़ोस हमेशा साफ पाते हैं।
- क्या आप होम कंपोस्टिंग के बारे में जानते हैं।
- क्या आप जानते हैं कि पुराने व टूटे खिलौने, किताबें, कपड़े, जूते आदि रीसाइकिल और भी रीयूज किए जा सकते हैं।
- क्या आप जानते हैं कि आपका शहर स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में भागीदारी कर रहा है।
- क्या आप जानते हैं कि खुले मूत्र विसर्जन से बने हुए येलो स्पॉट को स्वच्छता एप से बदला जा सकता है।
- क्या आप जानते हैं कि कोविड प्रभावित परिवारों से पृथक से कचरा संग्रहण किया जाता है।

लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन बदमाश पकड़े, नगदी एवं बाइक बरामद

मुरैना। कैलारस क्षेत्र में पिछले वर्ष अक्टूबर एवं नवंबर माह में तीन अलग-अलग स्थानों पर लूट करने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है और 22 हजार रुपए नगदी तथा एक बाइक बरामद की है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ कर अन्य माल बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि 25 अक्टूबर 2021 को जगदीश कुशवाह पुत्र श्रीकृष्ण कुशवाह निवासी कुशवाह मोहल्ला कैलारस संजीव बाथम के अंडा ठेला के पास बस स्टैंड कैलारस से गुजर रहा था, तभी तीन अज्ञात आरोपियों द्वारा कट्टे से फायर कर उसके कब्जे से एक थैला लूटा, जिसमें एक लाख 20 हजार रुपए एवं रजिस्टर व कॉपी थे। इसके बाद बदमाशों ने 11 नवंबर को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास एमएस रोड पर दिलीप गुप्ता से कट्टा दिखाकर रुपयों का थैला छुड़ाया तथा 45 हजार रुपए नगदी एवं बहीखाता ले गए। इसी प्रकार 20 नवंबर 2021 को बदमाशों द्वारा नेपरी रेलवे पुल पर राहुल जाटव निवासी डूंगरपुर सबलगढ़ से बंदूक की नोक पर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल लूट ले गए। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा कैलारस में हुई उक्त घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को मामला ट्रेस करने के निर्देश दिए, जिस पर से थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह कुशवाह ने टीम गठित कर अलोपी पहाड़ी के नीचे रहने वाले एक संदिग्ध बदमाश को पकड़ा और पूछताछ करने पर उसने अपने चार अन्य साथियों के नाम बताएं। पुलिस ने तत्परता पूर्वक कार्रवाई करते हुए गिरोह के दो और सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए तीनों आरोपियों से एक लूट के 19 हजार रुपए तथा दूसरी लूट के 3 हजार रुपए बरामद किए हैं तो वही बदमाशों के कब्जे से लूटी गई बाइक को भी बरामद कर लिया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा उप निरीक्षक वीर सिंह, प्रीति जादौन, अमर सिंह, एएसआई धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

शिक्षक संघ ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर सीएम के नाम दिया ज्ञापन

मुरैना। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने शिक्षक संवर्ग, नवीन शिक्षक संवर्ग एवं अन्य कर्मचारी संवर्ग की प्रदेश स्तर की मांगों का अविलंब निराकरण करने हेतु शुक्रवार की दोपहर कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव के नाम एडीएम मुरैना को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि 2005 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय पेंशन योजना प्रदेश के लिए अनिवार्य नहीं थी, फिर भी तत्कालीन राज्य सरकार ने नई पेंशन योजना प्रारंभ की। यह योजना कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में असफल सिद्ध हो रही है, जिससे नवीन शिक्षक संवर्ग सहित समूचे कर्मचारी जगत में सुरक्षा एवं अवसाद की स्थिति निर्मित हो रही है। इन परिस्थितियों में कर्मचारियों की कार्य क्षमता भी प्रभावित हो रही है, इसलिए नवीन शिक्षक संवर्ग सहित समस्त कर्मचारियों की वरिष्ठता को यथावत नियुक्ति दिनांक से मानते हुए पुरानी पेंशन योजना लागू की जावे, जैसा कि राजस्थान सरकार व अन्य सरकार करने जा रही हैं। 30 से 38 वर्षों से एक ही पद पर सेवारत सहायक शिक्षक, शिक्षक, प्रधानाध्यापक, व्याख्याता, प्राचार्य, सहायक संचालक /उपसंचालक को योग्यता तथा प्राप्त वेतनमान के आधार पर अप ग्रेड कर उच्च पद नाम दिए जाने की भी मांग की गई है।



महिला सशक्तिकरण दिवस के उपलक्ष में नारी सम्मान समारोह आयोजित

मुरैना। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र मुरैना पर अंतरराष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण दिवस के उपलक्ष में नारी सम्मान समारोह रखा गया, जिसमें देशभर में सी.ए.के परीक्षा में टॉप करने वाली नंदनी, अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग मैं कई मेडल जीतने वाली ईशा सिंह, पुलिस सब इंस्पेक्टर लक्ष्मी भदौरिया व अन्य महिला आरक्षक सुलेखा सिंह तथा स्वास्थ्य विभाग से मीना डीकाटे मैट्रन एवं सिस्टर सरला तोमर, ललिता गुप्ता, रागिनी चौहान, सुमन राठौर, मीना देवी, महिला बाल विकास से आंगनवाड़ी सुपरवाइजर पुष्पा शर्मा, जैन मंदिर की संयोजिका एवं मंच संचालन करने वाली श्रीमती शिल्पी जैन एवं अन्य मातृशक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बी.के. रेखा बहन ने नारी शक्ति की विवेचना करते हुएं कहा कि नारी शक्तियां तो हमारी आदिकाल से लक्ष्मी पार्वती एवं सरस्वती के रूप में बताई गई हैं। डॉ आर सी बांदिल पूर्व सी.एम.एच.ओ द्वारा भी नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने समझाया कि नारी सभी क्षेत्र में अग्रणी है जैसे कि वैज्ञानिक क्षेत्र में कल्पना चावला, आध्यात्मिक क्षेत्र में मीराबाई, राजनीतिक क्षेत्र में श्रीमती इंदिरा गांधी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में महारानी लक्ष्मी बाई आदि के उदाहरण प्रस्तुत किए। विदित हो कि सुश्री ईशा सिंह ने भारत का मान वर्धन करते हुए वेटलिफ्टिंग में कई मेडल जीते एवं उन्होंने संकल्प लिया कि भविष्य में भी मैं अन्य और मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करेंगी। आयोजन के दौरान कुमारी नंदिनी ने भी किस प्रकार सी.ए की परीक्षा में पूरे भारत में टॉप किया अपने अनुभव सुनाए।

चम्बल बचाओ आंदोलन: 5 स्थानों से आरम्भ हुई तीन दिवसीय बाइक जत्था यात्रा

सबलगढ़। अटल प्रोग्रेस वे मार्ग अटेर से लेकर श्योपुर कलां पाली होते हुए कोटा तक जाएगी। इसमें विस्थापित होने वाले स्वत्व धारी किसानों के अलावा पीढियों से बीहड़ की सरकारी जमीन को जोतकर खेती कर रहे किसानों को भी जमीन के बदले जमीन देने सहित अन्य मांगों को लेकर मध्य प्रदेश किसान सभा के पांच जत्थे क्रमशः अटेर, अंबाह, जौरा, सबलगढ़ और श्यामपुर से शुरू हुए, जो 3 दिन तक विभिन्न क्षेत्रों में किसानों से संपर्क के बाद 13 मार्च को समापन होंगे। 14 मार्च को विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को दिए जाएंगे। मध्यप्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आन्दोलन के माध्यम से किसान सभा मांग करती है कि भूमि अधिग्रहण के मामले में पुनः नए सिरे से नोटिफिकेशन जारी कर समुचित प्रचार-प्रसार कर किसानों को व्यक्तिगत नोटिस जारी कर दावे आपत्ति लिए जाएं। पीढ़ियों से जो किसान शासकीय बीहड़ की भूमि पर काबिज होकर काश्तकारी कर रहे हैं उनका कब्जा इंद्राज कर उन्हें भी जमीन दी जाए। ऐसे किसानों की संख्या 30 हजार के लगभग है। उन्होंने कहा कि जो किसान दुगुनी जमीन नहीं लेना चाहते हैं, उन्हें भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार बाजार मूल्य से 3 से 5 गुना मुआवजा दिया जाए। एक्सप्रेस वे के दोनों ओर एक - एक किलोमीटर के कोरिडोर में कारपोरेट कंपनियों के बजाय किसानों को जमीन आवंटित की जाए और कृषि आधारित उद्योग लगाई जाएं। इसके अलावा एक्सप्रेस वे पर निकासी के लिए बड़े-बड़े गांवों के पास कट दिए जाएं व जो किसान जमीन के बदले दुगनी जमीन ले रहे हैं उन्हें जमीन को कृषि योग्य बनाने के लिए खाद, बीज, कृषि उपकरण आदि के लिए एक लाख प्रति बीघा आर्थिक सहायता दी जाए। शुक्रवार को पाँच स्थानों से आरम्भ हुए किसान बाइक जत्थे का अटेर में मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रांतीय सचिव, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहोर, राजीव दीक्षित ने, अंबाह में सुभाष शर्मा, श्रीनिवास श्रीवास, जौरा में गयाराम सिंह धाकड़, हंसराज शर्मा, नरहरी शर्मा, सबलगढ़ में किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, पूर्व नपाध्यक्ष मुरारी लाल धाकड़, इब्राहिम शाह व श्योपुर कलां में जत्थे का नेतृत्व किसान सभा के प्रांतीय सचिव अखिलेश यादव, माकपा जिला सचिव महेश प्रजापति आदि कर रहे हैं। जत्थे के समापन पर तहसील मुख्यालयों पर ज्ञापन देने के साथ-साथ आगे के आंदोलन की घोषणा भी की जाएगी।

बस किराये व रेलवे पास में विकलांगजनो को नही मिल रही छूट

विकलांग बल ने जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

विनोद पाठक ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

श्योपुर जिले के विकलांगजनों को केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजना में लाभ देने के लिये ष्ठ्ठष्ठ कार्ड बनाये गये थे जिसमें विकलांगजनो को बस किराये में 50त्न की छूट दी जाती है जिसका राज्य शासन द्वारा काफी प्रचारप्रसार भी किया गया था इसी कार्ड बनाने में मध्यप्रदेश पूरे भारत मे प्रथम स्थान पर है। राज्य आयुक्त व जिला कलेक्टर के आदेश निकालने के बाद भी प्राइवेट बसों में इन कार्डों पर कोई छूट नही मिल रही है। हाल ही में शासन द्वारा प्राइमरी शिक्षक भर्ती की परीक्षा प्रचलन में है जिसमे विकलांग जनो को परीक्षा देने के लिये जिले से बाहर ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, व उज्जैन जाना है तो बालाजी बस सर्विस, शीतला बस सर्विस आदि की बसों में विकलांगजनो के साथ घृणा व अपमानित शब्दो का व्यवहार किया जाता है अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। जबकि शासन के यातायात नियम अनुसार हर बस में विकलांग जनो के लिये 2 शीट आरक्षित रखी गई है फिर भी उन्हें लाभ नही दिया जा रहा है श्योपुर रेलवे स्टेशन द्वारा भी उनको आरक्षण का लाभ नही दिया जा रहा है।

इन्ही समस्याओं को संज्ञान में लेकर जिला कलेक्टर शिवम वर्मा जी के नाम

विकलांग बल गृह विभाग के पद अधिकारी व जिला अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष और श्योपुर जिले के विकलांगजनो द्वारा तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सोपा गया।

इस अवसर पर विकलांग बल गृह विभाग से कार्यक्रम प्रबंधक अफसार अहमद पर्यवेक्षक भरत शर्मा सम्पर्क अधिकारी किशन खण्डेलवाल जिला अध्यक्ष विक्की दीक्षित ब्लॉक अध्यक्ष घासीराम प्रजापति उपाध्यक्ष मुकेश मीणा विष्णु प्रजापति, हिमांशु तिवारी, बबलू बंजारा,रामहेत, काडुराम मीणा, महावीर, पवन मीणा, रमेश, रामहरि, विकास, रामराज सुमन आदि विकलांग जन उपस्थित रहे।

सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर सैनी छात्रावास में की पुष्पांजलि

राजस्थान । सैनी विकास संस्थान द्वारा संचालित सैनी छात्रावास प्रांगण में भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के उपलक्ष में संस्थान के अध्यक्ष भागचंद सैनी द्वारा उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर युवा नेता जितेंद्र सैनी ने सभी को माता सावित्रीबाई फुले के द्वारा बालिका शिक्षा एवं महिला उत्थान के लिए किए गए कार्यों से अवगत कराते हुए दलितों पिछड़ों एवं गरीबों के कल्याण के लिए सभी को मिलकर प्रयास कर समाज के मुख्यधारा में लाने का आह्वान किया तथा बालिका शिक्षा को अनिवार्य कर उनके द्वारा चलाए गए मिशन को पूरा करने का आह्वान किया।युवा जिला अध्यक्ष राजेश सैनी ने युवाओं को उनकी जीवनी को पढ़कर महिला उत्थान के कार्यों को अपने हाथ में लेने पर बल दिया। इस अवसर पर सैनी छात्रावास एडमिशन कमेटी के चेयरमैन हंसराज सैनी जेपी सैनी एडवोकेट रामराज सैनी काट्टेक्टर कमल सैनी अध्यापक विष्णु सैनी मोहित सैनी पार्षद मौसम सैनी दिनेश सैनी दिलखुश सैनी सुरेंद्र सैनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

सवाई माधोपुर जिले में बढ़ रहे अपराधों को लेकर माली समाज के युवा जिला अध्यक्ष राजेश सैनी के नेतृत्व में दिया जिला कलेक्टर को ज्ञापन

जितेंद्र सिंह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

राजस्थान । सवाई माधोपुर जिले में बढ़ रहे अपराधों और बिगड़ती कानून व्यवस्था पर अंकुश लगाने को लेकर सैनी माली समाज यूथ जिलाध्यक्ष

राजेश सैनी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर को ज्ञापन सौंपा इस दौरान मौके पर पूर्व उपसभापति राजेश गोयल दीनदयाल मथुरिया लड्डू सैनी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष डीके मीणा भवानी शंकर सैनी कमल किशोर एडवोकेट जेपी सैनी एडवोकेट तहसील अध्यक्ष नरेंद्र सैनी चेतन सैनी कन्हैया लाल सैनी मुकेश सैनी गणेश सैनी राजू चक्की विमल सैनी रिंकेश सैनी सचिन उर्फ महेंद्र सैनी अन्य सर्व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्व्च्छता नोडल प्रभारी ने चलाया स्वच्छता अभियान

अर्पित गुप्ता पुष्पांजली टुडे

दबोह- स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत योजना के अंतर्गत नगर दबोह में स्व्च्छता अभियान जोरो से

चलाया जा रहा है।इसी क्रम में नगर के वार्ड नम्बर 06 में महीनों से कचड़े से लबालब नाले की नगर परिषद दबोह द्वारा जेसीबी से सफाई कराई गई।वहीं नगर में वार्ड नम्बर 08 करधेन रोड पर बने शुलभ कॉम्प्लेक्स को भी अंदर बाहर से साफ कराया गया।यहां बता दें कि महीनों से शुभल कॉम्प्लेक्स में गन्दगी जमा थी जिसको स्व्च्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर ने साफ कराया।यहां बताना मुनासिब होगा कि जबसे अधीक्षण यंत्री महोदय द्वारा एन आर खेंगर को नगर की साफ सफाई का जिम्मा सौंपा गया तबसे नगर में सफाई अभियान जोर शोर से जारी है।

हमारा लक्ष्य- बाल श्रम मुक्त दतिया

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

दतिया जिले को आज बाल श्रम मुक्त करने के लिए श्रम विभाग द्वारा टास्क फोर्स की समिति के साथ शहर के व्यापारी वर्ग की बैठक ली। शहर के समस्त संस्थानों पर बाल श्रमिकों को नियोजित न किया जाने हेतु शपथ दिलाई गई। व्यापारी वर्ग द्वारा वचन लिया गया कि न ही बाल श्रमिक नियोजित करेंगे और न ही किसी को करने देंगे।श्रम निरीक्षक निशा जहां द्वारा बताया गया कि बाल श्रम एक सामाजिक बुराई है तथा पीताम्बरा मां की धरती पर एक कलंक है। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्य श्रीमती रश्मि कटारे ने बताया कि स्पॉन्सर स्कीम के तहत आर्थिक रूप से अशक्त ऐसे बालक बालिका जिनके अभिभावक नहीं है उनको आर्थिक सहायता दी जाएगी।

जन शिक्षण संस्थान की जिला संयोजक श्रीमती निधि तिवारी द्वारा भी बताया गया कि कि जो भी किशोर श्रमिक हैं उन्हें कौशल प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम दरों पर दिया जाता है कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभिन्न एनजीओ ने भी अपनी सहभागिता दिखाई श्री रामजी राय द्वारा बाल श्रम से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई कार्यक्रम में

संरक्षण अधिकारी श्री धीर सिंह कुशवाह चाइल्डलाइन प्रभारी श्री सोमेश कुमार, जीएम डी आई सी सुश्री संगीता एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे

टीकमगढ़ जिला अस्पताल में स्टाफ की कमी के चलते मरीज हो रहे परेशान

अजय खंगार ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

टीकमगढ़। जिला अस्पताल आए दिन सुर्खियों में रहता है जिला

अस्पताल डॉक्टरों की कमी से पहले ही जूझ रहा है और अपना काम चला रहा है या यूं कहें कि जिला अस्पताल जुगाड़ से चल रहा है तो यह भी गलत नहीं होगा जिला अस्पताल में बहुत सी चीजें ऐसी हैं जो सिर्फ नाम के लिए चल रहे हैं विशेषज्ञ ना होने की वजह से मरीजों को परेशान होना पड़ता है और आज के दिन ट्रामा सेंटर के आईसीयू वार्ड में नर्सों की कमी के चलते मरीजों को काफी परेशान होना पड़ा बताया गया है कि 3 नर्स ड्यूटी पर आई थी जिनमें से दो रजिस्टर मेंटेन में लगी हुई थी तो वहीं 1 नर्स भर्ती मरीजों को देख रही थी जिसके चलते मरीजों को परेशान होना पड़ रहा था जब इस संबंध में संबंधित अधिकारी से बात की गई उनके द्वारा बताया गया कि आज चेंजिंग डे है इस वजह से स्टाफ कम है लेकिन यह भी सत्य है कि जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या ज्यादा है और स्टाफ की कमी है स्टाफ की कमी के चलते मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है इस पर न तो जनप्रतिनिधि ध्यान देते हैं और ना ही अस्पताल प्रशासन और मरीज परेशान हो रहे हैं।

राष्ट्रीय खाद्य आपूर्ति विभाग मजदूर संघ इकाई- देवेंद्रनगर ने पीएम आवास हेतु भूमि आवंटन के संबंध में तहसीलदार देवेंद्रनगर के माध्यम से कलेक्टर पन्ना को सौंपा ज्ञापन

गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पन्ना राष्ट्रीय खाद्य आपूर्ति विभाग मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष के पी सिंह बुंदेला के निर्देशन पर ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्रनगर श्री सुदेश बाल्मीकि द्वारा पीएम आवास निर्माण को लेकर तहसीलदार देव नगर के माध्यम से कलेक्टर पन्ना को सौंपा गया ज्ञापन। जापान के माध्यम से कहा गया कि गरीब हितग्राहियों को पीएम आवास निर्माण हेतु राशि तो जारी कर दी गई है परंतु आवाज को निर्माण करने हेतु सीएम के आदेशानुसार पन्ना जिले में

आज तक आबादी अथवा राजस्व भूमि के आवास निर्माण वास्ते पट्टे स्वीकृत नहीं किए गए हैं। मामला ग्राम पंचायत बखतरी का है जहां पर पीएम आवास की राशि स्वीकृत कर दी गई है परंतु हितग्राही कलेक्टर से लेकर के लोकार्पण अधिकारी एवं तहसीलदार तक दर-दर भटक रहे हैं जिनके पास आवास निर्माण हेतु भूमि नहीं है आवेदन लगाने पर सिर्फ प्रशासन द्वारा तारीख पर तारीख दी जा रही है वैसी करनी पड़ रही है ग्राम पंचायत बख्तरी में जितनी भी शासकीय अथवा आबादी भूमि है बड़े लोगों का कब्जा है जिन्हें तत्काल हटवा कर आवास निर्माण हेतु पट्टे की मांग की गई है। ब्लॉक अध्यक्ष सुदेश बाल्मीकि ने कहा कि अगर शीघ्र ही शासन-प्रशासन पीएम आवास निर्माण हेतु भूमि के पट्टे नहीं दिए जाते तो होगा आंदोलन। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से संतोष भार्गव, अरुण त्रिपाठी, जोगा आदिवासी, सुनील शर्मा, लखनलाल ,राकेश नामदेव, राकेश नामदेव, कृष्ण कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चार राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर निकाला विजय जुलूस.

संतोष सिंह भदोरिया ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

गोरमी। भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी द्वारा चार राज्यों में घोषित चुनाव परिणाम में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण कर नगर के प्रमुख मार्गों पर ढोल धमाकों के साथ विजय जुलूस निकाला इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा की चार राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत मोदी सरकार की विकासवाद एवं गरीब कल्याण की जीत है जनता ने कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों को आईना दिखाते हुए भाजपा में अपना पूर्ण विश्वास दिखाया है इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने चार राज्यों में भाजपा की शानदार जीत पर केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्यों की भाजपा सरकारों के द्वारा किए गए विकास कार्यों एबम राष्ट्रवाद की जीत बताया जहां गरीबों को आवास शौचालय मुफ्त राशन जैसी योजनाओं पर महिलाओं ने भाजपा को अपना भरपूर समर्थन दिया हम सबको मिलकर अब आगामी 2023 में मध्य प्रदेश में भी ऐसी ही विजय पताका फहराना है इस अवसर पर युवा नेता डॉक्टर भारत सिंह भदौरिया रिंकू ने कार्यकर्ताओं को मिष्ठान वितरण करते हुए कहा आज हम सबके

लिए खुशी का पल है जनता ने भाजपा पर अपना पूर्ण विश्वास जताया है अब हम सब का भी फर्ज है कि हम आमजन एवम दलित सोसित बंचित बर्ग के कल्याण को अपनी प्राथमिकता समझे।इस अबसर पर मुख्य रूप से पार्टी के बरिष्ठ नेता सुरेन्द जैन गोकुल सिंह परमार रमन सिंह भदौरिया जयवीर पुरोहित अरविंद वर्मा राजकुमार जैन निर्मल आर्य कमलेश वैशानदर जगदीश सोनी धुर्व शर्मा ओमकार यादव नीरज यादव जय सिंह गुर्जर पूर्व सरपंच डॉ चुन्नीलाल कर्ण मनीष अग्रवाल शिवराज यादव विजय कुशवाह सोनू भदौरिया मोनू शर्मा भान सिंह नरवरिया मोनू जैन राहुल थोकदार बल्लू पांडे विपिन यादव सामन्त यादव अरविंद जैन राहुल कटारे कैलाश गुर्जर सुमेर यादव मोनू यादव मुकेश थापक अरविंद थापक राजू गुर्जर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वच्छता विषय पर स्कूली बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आज

ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता में आमजनों के साथ ही बच्चों को जागरुक करने एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्कूली बच्चों की स्वच्छता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन गांधी प्राणी उद्यान चिड़ियाघर में 12 मार्च 2022 को दोपहर 2 बजे से किया जा रहा है। प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी का ऑनस्पाट रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रतियोगियों को विभिन्न श्रेणियों में प्रमाण पत्र एवं पुरूस्कार प्रदान किये जाएगें। कार्यक्रम संयोजक श्री गौरव परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता में आमजनों के साथ ही बच्चों को जागरुक करने एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्कूली बच्चों की स्वच्छता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन गांधी प्राणी उद्यान चिड़ियाघर में 12 मार्च 2022 को दोपहर 2 बजे से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। विजयी प्रतियोगियों को विभिन्न श्रेणियों में प्रमाण पत्र एवं पुरूस्कार प्रदान किये जाएगें।

जिले अन्तर्गत नेत्र जांच शिविर जारी सम्पर्क कर कराए नेत्रों का ईलाज- मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे भिण्ड

भिंड। जिले के अंतर्गत डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया लोक सहकारिता मंत्री जी के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन संदेश एकीकृत ग्रामीण उत्थान केंद्र के प्रांगण में अटेर क्षेत्र में किया गया। इस शिविर में लगभग 2000 कुल मरीजों ने अपनी आंखों की जांच कराई।जिसमे कुछ मरीजों को जांच के पश्चात मोतियाबिंद पाया गया है। जिन मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया उन्हें हॉस्पिटल ग्वालियर ले जाकर निशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा। इस निशुल्क नेत्र शिविर के संदेश संस्था के प्रबन्धक देवेंद्र सिंह भदौरिया (दद्दा) के माध्यम से आंखों को शरीर का अभिन्न व अति महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि आंखों का विशेष ध्यान रखें तथा समय समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर से जांच कराते रहें।क्योंकि आंखों के बिना जीना दूभर हो जाता है।इस शिविर के माध्यम से लगभग अब तक कुछ लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन का लाभ दे चुकी हैं।तथा ऑपरेशन के पश्चात 2माह तक दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। इस शिविर में अटेर क्षेत्र के अर्ध गांव के लोगों ने लाभ लिया है। । कुछ ग्रामीणों में जगहों को चिन्हित कर नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा।।।इस शिविर के साथ साथ ही आज कुछ मरीजों की आंखों का इलाज करवाकर मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया के नेत्तत्व में देवेंद्र सिंह भदौरिया दद्दा द्वारा बुजुर्ग माताओं, बहनों, वृद्ध जनों, को एक साल भेट कर सम्मानित भी किया गया।

शिवलिंग के हाथ जोड़े और ले भागा उनकी दान पेटी, ताला नहीं टूटा तो छोड़कर भागा

खंडवा। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले से एक वीडियो वायरल हो रहा है. यह वीडियो एक चोर का है, जो शिव मंदिर की रुपयों से भरी दान पेटी चुरा ले जाता है. उससे पहले वह बाकायदा भगवान की पूजा करता है. घटना मध्य प्रदेश के इंदौर इच्छापुर हाईवे पर स्थित रुस्तमपुर के प्रसिद्ध गुप्तेश्वर महादेव मंदिर की है. पूरी घटना का सीसीटीवी फूटेज आने के बाद किसी ने इसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया. पुलिस फिलहाल चोर को गिरफ्तार नहीं कर सकी है. चोर जब दान पेटी न खोल सका तो उसे खेत में छोड़कर चला गया। जानकारी के मुताबिक, बदमाश देर रात खंडवा के प्रसिद्ध गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में जाता है और भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग की पूजा करता है. उसके बाद वह मूर्ति के सामने खड़े होकर भगवान को हाथ जोड़ता और मंदिर में रखी दान पेटी उठा लेता है. दान पेटी को वह कंधे पर उठाकर बाहर निकल जाता है. बताया जाता है कि मंदिर के पुजारी ने आवाज भी दी, लेकिन पलट कर जब कोई जवाब नहीं आया तो वे बाहर नहीं आए।

सिक्यूरिटी गार्ड को कमरे में बंदकर डीएवीवी इंदौर के हॉस्टल से चुरा ले गए चंदन के पेड़

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) के गर्ल्स होस्टल परिसर के सिक्यूरिटी गार्ड को कमरे में बंद कर चार यहां लगे चंदन के दो पेड़ काट ले गए। होस्टल से महज 100 मीटर की दूरी पर कुलपति डा. रेणु जैन का बंगला है। मामले में भंवरकुआं थाने में विश्वविद्यालय प्रशासन ने शिकायत दर्ज करवाई है। नीलखा स्थित कमला नेहरू गर्ल्स होस्टल परिसर में बुधवार रात को चंदन के दो पेड़ कट गए। ये पेड़ सिक्यूरिटी गार्ड रूम के पीछे की तरफ लगे थे। यहां दो सिक्यूरिटी गार्ड की ड्यूटी थी। दोनों गार्ड ने गुरुवार सुबह होस्टल वार्डन को घटना की सूचना दी। गार्डों ने वार्डन को बताया कि छह बदमाश बुधवार रात में होस्टल परिसर में घुसे थे। पहले उन्होंने हमारे कमरे को बाहर से बंद कर दिया और इसके बाद पेड़ काटकर ले गए। मामले में दोनों सिक्यूरिटी गार्डों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

बभाण विद्यालय में वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति।

नेनाराम सिरवी ब्यूरो पुष्पांजली

पाली मारवाड़ । कंटालिया निकटवर्ती राजकीय माध्यमिक विद्यालय बभाण में आयोजित वार्षिकोत्सव मे छात्र - छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच देशभक्ति का रंग बिखेरा । कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में विद्यालय प्रधानाध्यापक हजारीमल मौर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। वहीं प्रधानाध्यापक ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के अवसर पर छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षाएं की शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात स्वागत गीत के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा नाटक, धार्मिक एकता, राष्ट्रीय एकता मारवाड़ी नृत्यों का सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। वही स्कूल के छात्र छात्राओं ने कक्षा 10वीं के छात्र छात्राओं को मारवाड़ की संस्कृति को ध्यान में देखते हुए कुंकू से तिलक व मोली बांधकर अतिथियों का भव्य दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक हजारीमल मौर्य, झिझारड़ी पंचायत सरपंच पति निर्मल सिंह मेवड़ा, झिझारड़ी पंचायत पूर्व सरपंच मनोहर सिंह ने की। मंच संचालन भंवर

लाल परिहार ने किया। इस अवसर पर स्कूल में प्रतिभावान छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर भंवर लाल परिहार, तेजसिंह जैतावत, आशीष कुमार मीना, पूजा कुमारी जाखड़, ओमप्रकाश, सीताराम जाट, नैनाराम चौधरी, जवान सिंह, पवन सेठी, मनोहर हेमलानी, गन्नी मोहम्मद सोलंकी, समाज सेवी नीम सिंह सहित अन्य कई जने उपस्थित थे।

टीकमगढ़ में अवैध शराब पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

दैनिक पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो अजय खंगार

टीकमगढ़ । देहात थाना क्षेत्र के काटी गांव में अवैध शराब पकड़ने गई पुलिस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है वायरल वीडियो में साफ तौर पर नजर आ रहा है कि पुलिस पार्टी पर कितनी आरोपी हावी हो गई है पुलिस टीम को महिलाओं ने घेर लिया इसके बाद बिना कार्यवाही के ही पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा । हालांकि इस मामले में पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला भी दर्ज किया है जिसमें से 2 आरोपी गिरफ्तार भी किए हैं देहात थाना प्रभारी नासिर फारूकी ने बताया है कि काठी गांव में अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली थी महिला पुलिस बल के साथ आरोपी के घर की तलाशी लेने पहुंचे थे लेकिन आरोपी के परिजनों ने गाली गलौज करते हुए शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की ।

पुलिस टीम पर किया पथराव

फारुकी ने बताया था कि आरोपी की मिलीभगत से महिलाओं ने पुलिस टीम पर पथराव किया और गाली गलौज भी की आरोपी मनु लाल पहले भी जिला बदर रह चुका है उसके खिलाफ कई मामले दर्ज है इस मामले में मन्नूलाल सहित 5 लोगों के खिलाफ धारा 353 सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया पुलिस ने मन्नूलाल और उसके बेटे संजय को गिरफ्तार कर लिया है फिलहाल 3 आरोपी गिरफ्त से दूर है

सोनाई माझी विद्यालय में वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान

पाली निकटवर्ती राजकीय माध्यमिक विद्यालय सोनाई माझी में आयोजित वार्षिकोत्सव मे छात्र - छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच देशभक्ति का रंग बिखेरा । कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि सरपंच पूरण कवर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में विद्यालय परिवार के प्रधानाध्यापक ने सभी अतिथियों का स्वागत करवाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। वहीं प्रधानाध्यापक ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के अवसर पर छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षाएं की शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात स्वागत गीत के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा नाटक, धार्मिक एकता, राष्ट्रीय एकता मारवाड़ी नृत्यों का सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। वही स्कूल के छात्र छात्राओं ने कक्षा 10वीं के छात्र छात्राओं को मारवाड़ की संस्कृति को ध्यान में देखते हुए कुंकू से तिलक व मोली बांधकर अतिथियों का भव्य दी गई। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आए हुए जनप्रतिनिधियों का शानदार बहू मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सरपंचपुरण कवर समाजसेवी राम सिंह ने की। । इस अवसर पर स्कूल में प्रतिभावान छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाली प्रधान मोहनी पुखराज पटेल ने विद्यार्थियों के प्रति उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस मौके पर हेमावास भाजपा मंडल अध्यक्ष वोरा राम सीरवी पंचायत समिति सदस्य रामलाल प्रधान प्रतिनिधि मांगीलाल पटेल समाजसेवी प्रताप सिंह सहित अध्यापक गण जनप्रतिनिधि गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे

भारतीय जनता पार्टी मंडल देवेन्द्रनगर ने योगी जी एवं पार्टी की जीत का जश्न ढोल नगाड़े के साथ मनाया

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पन्ना जिला के मंडल देवेन्द्रनगर में बड़वारा मोड़ पर किसान मोर्चा उपाध्यक्ष जी के नेतृत्व में जीत का जश्न मनाया गया जिसमें लोगो को मिठाइयां बांटी गई ढोल नगाड़े के साथ नृत्य भी किया गया।कार्यकर्ताओ में जीत की खुशी में बहुत खुश है जिसमे जिला से गुऱौर विधानसभा में सक्रिय चल रही श्री मति अमिता बागरी जी ,मंडल अध्यक्ष ललित गुप्ता जी ,मंडल उपाध्यक्ष अशोक कुशवाहा जी ,पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजय पटेल ,पिछड़ा मोर्चा के मीडिया प्रभारी सोनेलाल कुशवाहा ,ध्रुव चौबे ,मंडल कोषाध्यक्ष अजित जैन (छोटे भैया),मंडल मीडिया प्रभारी गौरीशंकर कुशवाहा ,नगर के भारतीय जनता पार्टी के नगर के कार्यकर्ताओं ने खूब खुशी मनाई और योगी जी की जीत का जश्न मनाया एवं शुभकामनाएं दी

पिछोर पुलिस ने अपहरण व दुष्कर्म के प्रकरण में 4 वर्ष से फरार 3000 रुपये का ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया

अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया , एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में व टीआई पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में लगातार फरारी, स्थाई व गिरफ्तारी वारंट तामील का अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में मुखबिर की सूचना पर राजापुर तिराहा रक्सा झांसी उत्तर प्रदेश से अपहरण व दुष्कर्म के प्रकरण में 4 वर्ष से फरार

आरोपी सुनील पुत्र कैलाश केवट निवासी ग्राम आठोंदना थाना रक्सा जिला झांसी उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया । आरोपी सुनील केवट के विरुद्ध थाना पिछोर में अपराध क्रमांक 224 /19 धारा 363, 366, 376 आईपीसी 5 / 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध था जिसमें वह घटना दिनांक से ही फरार था । आरोपी नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी वारदात कर दिल्ली की तरफ भाग गया था। आरोपी की गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी द्वारा 3000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। आरोपी को मान्यनीय न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया। पुलिस थाना पिछोर टीम के उप निरीक्षक नितिन भार्गव प्रधान,व आरक्षक हिमांशु चतुर्वेदी, घनश्याम सिंह परमार, आरक्षक रूपेंद्र यादव व बचान सिंह तोमर की सराहनीय भूमिका रही ।

बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति प्रबंधक कुंरा निलंबित

2600 कट्टे धान को अवैधानिक तरीके से बेचने का आरोप..उपपंजीयक के द्वारा संचालक मंडल को अनियमितता के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है

ब्यूरो चीफ अश्वनी अवस्थी

छत्तीसगढ़ । बेमेतरा ऋखरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में सेवा सहकारी समिति मर्या. कुंरा पंजीयन क्रमांक 1274 में समिति प्रबंधक द्वारा अवैधानिक तरीके से धान बेचने संबंधी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नवागढ़ को की गई थी। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नवागढ़ की जाँच में सेवा सहकारी समिति मर्या. कुंरा पंजीयन क्रमांक 1274 द्वारा 2600 कट्टे धान को अवैधानिक तरीके से बेचने का प्रयास किया जा रहा था जिसमें से समिति द्वारा 3 ट्रक 2100 कट्टा धान भूतड़ा राईस मिल बेमेतरा को भेजा गया था एवं 500 कट्टा धान समिति में रखा गया था, जिसमें कलेक्टर ने उपरोक्तानुसार भूतड़ा राईस मिल भेजे गए धान को वहीं से जप्त कर भूतड़ा राईस मिल के सुपुर्द देने एवं समिति के धान को समिति से जप्त कर समिति के सुपुर्दगी में देने के साथ सेवा सहकारी समिति कुंरा के संचालक मंडल को भंग करने हेतु उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं बेमेतरा को निर्देशित किया गया। जिसके पालन में उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं बेमेतरा

के द्वारा समिति के 500 बोरा धान को समिति कुंरा की सुपुर्दगी में एवं भूतड़ा राईस मिल में 03 ट्रकों में भरे क्रमशः 700-700 बोरे कुल 2100 बोरा धान को ट्रक समेत जप्त कर उन्हीं की सुपुर्दगी में दिया गया। समिति प्रबंधक श्री सत्यनारायण डेहरे को अवैधानिक तरीके से धान विक्रय को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर द्वारा कार्यालयीन आदेश जारी कर निलंबित किया गया। उपपंजीयक के द्वारा संचालक मंडल को अनियमितता के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया जवाब संतोष नहीं होने के कारण उपपंजीयक बेमेतरा के द्वारा समिति के संचालक मंडल को अधिष्ठित करते हुए संस्था के सुचारू कार्य संचालन हेतु शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग शाखा संबलपुर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया।

एटा जिले में एक बार फिर से चारों विधानसभा क्षेत्र पर लहरा भगवा।

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर दैनिक पुष्पांजली टुडे

एटा। जनपद की चारों विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों द्वारा विजय पताका फैराकर ऐतिहासिक जीत हासिल की गई है जिसके तहत सदर पर विपिन वर्मा डेविड, मारहरा पर वीरेंद्र सिंह लोधी, अलीगंज पर सत्यपाल सिंह राठौर और जलेसर पर संजीव दिवाकर ने जीत हासिल की है। इससे पहले 2017 में भी यही चारों प्रत्याशीयों ने ही जीत की थी हासिल। सपा को उम्मीद थी कि वर्ष 2012 वाला रिकॉर्ड एक बार फिर से बनाएंगे। बसपा और कांग्रेस अपनी साख भी नहीं बचा सके। एटा सदर से भाजपा प्रत्याशी विपिन वर्मा डेविड ने जीत की हासिल। एटा सदर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी विपिन वर्मा डेविड ने सपा प्रत्याशी जोगेंद्र सिंह यादव को करीब 17000 वोटों से हरा दिया है. यह दोनों ही प्रत्याशियों के बीच कड़ी टक्कर रही पिछली बार भी यही दोनों प्रत्याशी मुख्य मुकाबले में रहे थे। और परिणाम भी सामने थे। अलीगंज सीट से भाजपा के सत्यपाल सिंह राठौड़ जीते अलीगंज विधानसभा सीट पर भाजपा के प्रत्याशी सत्यपाल सिंह राठौर ने दूसरी बार भी जीत दर्ज की है उन्होंने सपा प्रत्याशी रामेश्वर सिंह यादव को करीब 4000 वोटों से हरा दिया है। मारहरा विधानसभा सीट से भाजपा के वीरेंद्र सिंह लोधी ने भी जीत की हाशिल मारहरा विधानसभा सीट पर कड़ा मुकाबला रहा काफी देर तक उठापटक चलती रही तब जाकर भाजपा के प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह लोधी ने जीत की हाशिल जबकि दूसरे स्थान पर सपा के अमित गौरव यादव टीटू रहे। इस सीट पर भी परिणाम 2017 के चुनाव जैसे ही रहे हैं भाजपा और सपा के यही दोनों प्रत्याशी थे। और भाजपा के वीरेंद्र सिंह लोधी जीते थे। आखिरकार भाजपा के चारों प्रत्याशियों ने डटकर मुकाबला करते हुए अपनी अपनी जीत को हासिल कर ही लिया।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने जानी जेएएच की जमीनी हकीकत

सुपर स्पेशिलिटी, ट्रॉमा सेंटर एवं कार्डियोलॉजी विभाग का किया निरीक्षण

ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत देखने गजरराजा चिकित्सा समूह पहुँचे। उन्होंने चिकित्सालय के कार्डियोलॉजी, ट्रॉमा सेंटर और सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सेवाओं के लिये किए जा रहे कार्यों के संबंध में डीन मेडीकल कॉलेज डॉ. समीर गुप्ता एवं अधीक्षक डॉ. आर के एस धाकड़ से विस्तार से चर्चा की।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने अस्पताल के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर उपचार प्राप्त कर रहे मरीजों और उनके परिजनों से भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसी सिलावट, बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, जिला अध्यक्ष भाजपा श्री कमल माखीजानी, संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, पूर्व विधायक श्री रामबरन सिंह गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि और अस्पताल के चिकित्सकगण उपस्थित थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कार्डियोलॉजी विभाग में पहुँचकर उपचार प्राप्त कर रहे मरीजों से भेंट की और उनके परिजनों से भी चर्चा की। इसके साथ ही आईसीयू में भर्ती मरीजों से भी मिलने पहुँचे। कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. पुनीत रस्तोगी ने विभाग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण किया और ट्रॉमा सेंटर में किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया इसके पश्चात सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल पहुँचे और सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में मरीजों को क्या-क्या सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं, इसके संबंध में विस्तार से चर्चा की। सुपर स्पेशिलिटी में भर्ती भितरवार क्षेत्र के ज्वाला प्रसाद गौतम से भी चर्चा की और उन्हें आश्वस्त किया कि चिंता न करें आप ठीक हो जायेंगे। उनकी पोती ने जब आर्थिक परेशानी की बात बताई तो केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने तत्काल कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह को मदद करने को कहा। इसके साथ ही इनके परिजनों का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी करने की बात कही।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर इलाज मिले। अस्पताल में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों का उपयोग मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये किया जाए। चिकित्सक एवं पैरामेडीकल स्टाफ पूरी तत्परता के साथ लोगों को स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराए।

संक्षिप्त समाचार

देश की आजादी में महिलाओं का योगदान' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

ग्वालियर। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ÷देश की हिफाजत देश की सुरक्षा÷ के उत्सव पर पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्वालियर की अध्यक्षता में ग्रुप केन्द्र के क्षेत्रीय परिवार कल्याण केन्द्र में गुरूवार को ÷देश की आजादी में महिलाओं का योगदान÷ विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय विद्यालय एवं आसपास के स्कूल के 18 वर्ष तक के बच्चों ने ब?-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस आयोजन में समूह केन्द्र के उप कमाण्डेंट श्री अरूण कुमार, सहायक कमाण्डेंट श्री अनुज पाठक, श्री योगेन्द्र यादव व श्री सुरेन्द्र सिंह सहित सुश्री सृष्टि राजेन एवं सुश्री नीतू पाल व अन्य महिला कार्मिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र का विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट 13 मार्च से

ग्वालियर। युवाओं के मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक विकास के मकसद से उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह की पहल पर ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में 13 मार्च से उटीला में विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होगा। इस सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह द्वारा 13 मार्च को दोपहर 12 बजे किया जायेगा। विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्वालियर नगर निगम के वार्ड 61 से 66 तथा छावनी क्षेत्र मुरार के वार्ड 1 से 7 तक की टीमें हिस्सा लेंगीं। साथ ही ग्राम पंचायत की टीमें इस टूर्नामेंट में भाग ले सकेंगीं।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया वरिष्ठ पत्रकार श्री उमेश सिंह के निवास पर पहुँचे, नवदपत्ति को दिया आशीष

ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शुक्रवार को वरिष्ठ पत्रकार श्री उमेश सिंह के आवास पर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने उमेश सिंह की कुशल क्षेम जानी और उनकी बेटी व दामाद को स्नेहाशीष प्रदान किया। उमेश सिंह की पुत्री सौभाग्याकांक्षिणी इरा का विवाह विगत वर्ष 27 अप्रेल को गांधी नगर के चिरंजीव कुं. हर्षवर्धन सिंह के साथ सिलवासा में संपन्न हुआ था। कोरोना संक्रमण के कारण केंद्रीय मंत्री सिंधिया वर-वधू को आशीर्वाद देने मंगल-उत्सव में नहीं पहुंच सके। श्री सिंधिया शुक्रवार दोपहर नव-दंपत्ति को आशीर्वाद देने विंडसरहिल स्थित श्री उमेश सिंह के निवास पर पहुंचे। श्री सिंधिया ने नव-दंपत्ति को सुखद व स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं और इरा व हर्षवर्धन से उनके भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली।

शहर में स्वच्छता का माहौल बनाने स्वच्छता महोत्सव आज, सभी करें सहभागिताः निगमायुक्त

मोबाइल एप से अधिक से अधिक शहरवासी दें सिटीजन फीडबैक

ग्वालियर। हमारा शहर देश का सबसे स्वच्छ शहर बने इसके लिए हम सभी को मिलकर सहभागिता करनी होगी। इसके लिए शहर के प्रत्येक नागरिकों को इस अभियान का हिस्सा बनना होगा। इसी उददेश्य को लेकर नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में स्वच्छता का माहौल बनाने के लिए स्वच्छता महाअभियान स्वच्छता महोत्सव के रुप में कल दिनांक 12 मार्च 2022 को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक मुख्य कार्यक्रम महाराज बाडे पर एवं 8 बजे से सभी वार्डों में स्वच्छता महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित होगें। इस महाभियान के तहत प्रत्येक वार्ड में उसे क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में लोकप्रिय अतिथियों द्वारा रैली के रुप में वार्ड में भ्रमण करेगें तथा आमजनों से घर-घर जाकर संवाद करेगें और उन्हें स्वच्छता में सहभागिता के लिए प्रेरित करेगें।

प्रेस मीडिया के साथियों से चर्चा करते हुए निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने सभी से आग्रह किया कि स्वच्छता महोत्सव वार्ड स्तर पर आयोजित किया जा रहा है जिसका उददेश्य शहर में स्वच्छता का माहौल बनाना, प्रत्येक जन-जन को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना एवं स्वच्छता में सहभागिता के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के तहत शहर के प्रत्येक वार्ड में प्रातः संबंधित वार्ड के किसी व्यक्ति विशेष या अन्य जनप्रतिनिधि के नेतृत्व में स्वच्छता रैली निकाली जाएगी, रैली का नेतृत्व वार्ड के जनप्रतिनिधि द्वारा किया जाएगा। रैली में क्षेत्र के उत्कृष्ठ सफाई कर्मी को सम्मानित किया जाएगा तथा रैली का आयोजन इस प्रकार किया जा रहा है जिससे प्रातः का सफाई कार्य प्रभावित नहीं हो।

रैली के माध्यम से घरों से संपर्क कर नागरिकों को स्वच्छता की जानकारियां दी जाएंगी तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत मोबाइल एप के माध्यम से सिटीजन फीडबैक देने के लिए आग्रह किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि कम से कम 1 लाख लोगों द्वारा एक दिन में ही अपने शहर की स्वच्छता के प्रति सिटीजन फीडबैक दिया जाए जिसका लाभ हमारे शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में मिलेगा।

इन वार्डों में यह होगें मुख्य अतिथि

निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि स्वच्छता महत्सव को मुख्य आयोजन महाराज बाडे पर प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित बडी संख्या में आमजन सहभागिता करेगें।

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी - वार्ड 58 में।

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट जी - वार्ड 19 में।

उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जी - वार्ड - 5 में।

उद्यानिकी मंत्री श्री भारत सिंह जी - वार्ड 65 में।

सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर जी- वार्ड 42 में।

अध्यक्ष मप्र बीज विकास निगम श्री मुन्ना लाल गोयल जी - वार्ड 27 में।

विधायक श्री सतीश सिकरवार जी -वार्ड 45 में

विधायक श्री प्रवीण पाठक जी -

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह जी - वार्ड 22 में।

आयुक्त नगर निगम श्री किशोर कन्याल जी- वार्ड 25 में।

पूर्व मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह जी - वार्ड 49 में।

आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के बीच पहुँचे केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया

फल व मिठाई बाँटकर बच्चों का किया उत्साहवर्धन

ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शुक्रवार को इन्द्रानगर आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के बीच पहुँचे। इस दौरान उन्होंने बच्चों से आंगनबाड़ी केन्द्र में मिल रही सेवाओं के संबंध में चर्चा की। साथ ही फल, चॉकलेट और बिस्किट वितरित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने गर्भवती व धात्री माताओं को आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से सरकार द्वारा मुहैया कराई जा रहीं सेवाओं के बारे में जानकारी भी ली। उन्होंने इन्द्रानगर आंगनबाड़ी केन्द्र की पोषण वाटिका का भी जायजा लिया। साथ ही कहा कि पोषण वाटिका में उगाई गई सब्जियाँ बच्चों और माताओं को ही मुहैया कराई जाए, जिससे उन्हें अच्छे पोषक तत्व मिल सकें। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने आंगनबाड़ी में दर्ज सभी बच्चों की खेल-खेल में अनौपचारिक पड़ाई कराने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि हमारा तरीका ऐसा हो, जिससे बच्चों की रूचि पड़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों के प्रति बड़े। श्री सिंधिया ने कहा कि मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ युवा पीढ़ी गड़ने के लिये बच्चों की जड़ मजबूत होना जरूरी है। आंगनबाड़ी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती प्रज्ञा पाराशर को निर्देश दिए कि सरकार की मंशा के अनुरूप आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से पूरी संवेदनशीलता व समर्पण भाव के साथ महिलाओं व बच्चों को सेवायें मुहैया कराएँ। इस अवसर पर बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

यदि सुख आ जाए तो भी प्रभु को भूलना नहीं चाहिएः चंदप्रकाश

10 से 17 मार्च तक सिद्धचक्र महामंडल विधान महोत्सव में सिद्धप्रभु की आराधना गूंज रही है

ग्वालियर-कभी दुख व संकट आए तो अपने भीतर समता रखना, कदापि विचलित नहीं होना, भयभीत होकर गलत कार्य नहीं करें। प्रभु की शरण में आना चाहिए। दुख में सारे सहारे बेसहारे हो जाते हैं तो प्रभु को याद करें। दुख कभी भगवान नहीं देते, यह तो तुम्हारे द्वारा किए गए कर्म का परिणाम होते हैं। यदि सुख आ जाए तो भी प्रभु को भूलना नहीं चाहिए। लगातार प्रभु की भक्ति का स्मरण ही सुख को और ब?ा देता है। प्रभु से यही कामना करनी चाहिए कि मेरे कारण किसी को भी दुख न हो। यह विचार विधानचार्य पंडित चंदप्रकाश जैन चंदर ने आज दूसरे दिन शुक्रवार को शिंदे की छावनी स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सिद्धचक्र विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

सौधर्म व कुबेर इंद्रा ने जयकारो के साथ किया भगवान जिनेंद्र का अभिषेक, उतारी महाआरती

जैन समाज प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि महोत्सव के विधानचार्य पंठ चंदप्रकाश जैन ने मंत्रउच्चरण के साथ में भगवान जिनेंद्र का शुध्द जल से अभिषेक सौधर्म नीलेश सहित इंद्रो जयकारो के साथ किया। भगवान की शांतिधार कुबेर आशीष, रविन्द्र जैन सुखानंद व दिनेश जैन ने की। अभिषेक के उपरांत भगवान की महाआरती महिलाओ ने की। सिध्दचक्र महामंडल विधान श्रध्दाभाव के साथ प्रारंभ किया।

महोत्सव के दूसरे दिन इंद्राणियो ने मिलकर 16 अर्घ्य किये समर्पित

इस विधान में मैना सुदंरी श्रीपाल विपिन जैन श्रीमती ज्योति जैन को सौभाग्य प्राप्त हुआ। विधान में इंद्रा-इंद्राणियो ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मुकुट और गले में माला पहनकर शुभम जैन सैमी के भजनो के साथ भक्ति भाव के साथ पूजा आर्चन कर सिध्दप्रभू की आराधन करते हुए 16 महाअर्घ्य भगवान जिनेन्द को समर्पित किए।

समाज सेवा में जुटी विभूतियों के नेक कामों को प्रचारित करें : केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया

सर्व वैश्य समाज की ओर से केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने वैश्य नव रत्नों को किया सम्मानित

ग्वालियर। समाजसेवा एवं मानव कल्याण के काम में जुटी विभूतियों को सम्मानित कर सर्व वैश्य समाज ने केवल ग्वालियर ही नहीं पूरे देश के लिये उदाहरण प्रस्तुत किया है। दीन-दुखियों एवं जरूरतमंदों की मदद में अपना जीवन समर्पित करने वाली विभूतियों के नेक कामों को प्रचारित करें, जिससे सम्पूर्ण समाज के लोग मानव सेवा के लिये प्रेरित हो सकें। इस आशय के विचार केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने व्यक्त किए। श्री सिंधिया सर्व वैश्य समाज मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। शुक्रवार की शाम यहाँ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सभागार में आयोजित हुए समारोह में केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने सर्व वैश्य समाज की ओर से 9 महानुभावों को वैश्य रत्न से सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, सर्व वैश्य समाज के अध्यक्ष श्री मुकेश अग्रवाल, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री विजय गोयल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी मंचासीन थे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सेवाभावी विभूतियां किसी एक समाज की नहीं अपितु सम्पूर्ण समाजों के कल्याण का काम करती हैं। इसलिए जाति, पंथ व संप्रदाय से परे रहकर अच्छे लोगों को प्रोत्साहित करना हम सभी का धर्म है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478